


सूर्योदय प्रात: 6:24 | सूर्यास्त संध्या 5:42 | पखवाड़ा माघ शु. चतुर्दशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 15°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 11 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 02, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,311.80 | -548.39 (-0.70%) |
| निफ्टी | 23,381.60 | -178.35 (-0.76%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 85,630.00 |
| चांदी | | 739.00 |

# पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तम्भ हैं : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तम्भ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाज और राज्य की सुरक्षा के लिए अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

राज्यपाल सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित ह्र68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025ह्ल के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है।



राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व में लागू किये गये नये आपराधिक कानून हमारी न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और पीड़ित केन्द्रित बनाना है, ताकि अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गयी है, जिसमें पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, आधुनिक, सतर्क, जवाबदेह और तकनीक-प्रेरित बनाने का आह्वान किया गया है। पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था के संधारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह आयोजन पुलिस बल को आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और उनकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनायेगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि पुलिस बल ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 12 तक नहीं मिलेगा वीआईपी पास

**अयोध्या :** महाकुम्भ के चलते राम मंदिर में वीआईपी और विशिष्ट दर्शन की भी होड़ लगी हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रशासन ने बताया है कि 11 फरवरी तक राम मंदिर के वीआईपी पास फुल हो चुके हैं। इसलिए 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन वीआईपी पास जारी करने पर रोक रहेगी। वहीं, बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन की अवधि फिर बढ़ा दी गयी है। सुबह चार बजे से भगवान की मंगला आरती के बाद पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलना शुरू हो जाता है। इस समय भीड़ के दबाव को देखते हुए राम मंदिर रात 11 बजे तक आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जा रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन चार हजार के लगभग वीआईपी दर्शन कराये जा रहे हैं। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सात स्लॉट निर्धारित किये गये हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दो से तीन दिन पहले ही बुक कर लिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा की गयी थी। अभी 11 फरवरी तक के सभी स्लॉट फुल हो चुके हैं।

### कुपवाड़ा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा :** कुपवाड़ा जिले के अमरोही, करनाह इलाके में सुरक्षाबलों ने सोमवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेना और पुलिस ने एक खाद्य भंडार भवन के पीछे अभियान चलाया और हथियार व गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि बरामदगी में दो एके-47 राइफलें, दो एके मैगजीन और 12 राउंड गोला-बारूद शामिल हैं।

### सामाजिक विकास आयोग के 63वें सत्र में भाग लेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**नयी दिल्ली :** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में आयोजित होनेवाले सामाजिक विकास आयोग 2025 के 63वें सत्र में भाग लेगा। यह सत्र 10 से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। सामाजिक विकास आयोग (सीएसओसीडी) के 63वें सत्र का उद्देश्य समावेशी सामाजिक नीतियों को आगे बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित करने और महत्त्वपूर्ण सामाजिक विकास मुद्दों पर चर्चा और साझेदारी को बढ़ावा देना है। सत्र के दौरान भारत प्रमुख विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लेगा।

## अंदर के पन्नों पर


3 मास ड्रग एडमिनिस्टेशन की सफलता झारखण्ड...

5 कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए...

7 सांस्कृतिक पाठशाला की 65वीं कड़ी में वैज्ञानिक...

9 राष्ट्रपति के रांची दौरे के दौरान रहेगी चाक-चौबंद ...

10 साउथ अफ्रीका ने 304 रन बनाये...


## प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दिया आत्मविश्वास का मंत्र ; कहा

# खुद को दें चुनौती और तय करें लक्ष्य

**परीक्षा पे चर्चा**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नयी दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 8वें संस्करण के दौरान देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने व्यक्तित्व में सुधार और खामियों को दूर करने में चुनौती को अहम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें और एक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं। उन्होंने ज्ञान और परीक्षा को दो अलग चीज बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रौद्योगिकी को समझने और उसका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी मिठाइयां बांटीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को हर समय अच्छी तरह से ● शेष पृष्ठ 11 पर



## 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में झारखंड के खूंटी जिले के सूरज मुंडा को शामिल होने का हुआ गौरव प्राप्त

- सूरज एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सालगाडीह, तमाड़ के हैं छात्र
- मंत्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों का बताया परिणाम



**झारखंड** के खूंटी जिले के सूरज मुंडा को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें छात्रों से परीक्षा सम्बन्धी तनाव प्रबंधन पर चर्चा की जाती है। सूरज एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सालगाडीह, तमाड़ के छात्र हैं, जो कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित होता है। सूरज खूंटी जिला के अड़की प्रखंड के खेसारीबेरा गांव के रहनेवाले हैं। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों ● शेष पृष्ठ 11 पर

# राष्ट्रपति ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी

**■ मां गंगा से की देशवासियों के सुख और शांति की प्रार्थना**

**एजेंसी**

**महाकुम्भ नगर :** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगायी। संगम स्नान के बाद उन्होंने लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट धाम का दर्शन-पूजन किया। पूरे दिन के व्यस्त कार्यक्रम के बाद शाम को राष्ट्रपति दिल्ली लौट गयीं।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत**

राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार करीब सुबह साढ़े नौ बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति अरैल घाट पहुंचीं, जहां से क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं। इस दौरान राष्ट्रपति ने डेक पर खड़े होकर नौका विहार का आनन्द भी लिया और अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● शेष पृष्ठ 11 पर



### विधिवत की पूजा-अर्चना

**त्रिवेणी** संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सपरिवार विधिवत पूजा-अर्चना की। संगम में उतरने से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि व शांति की मनोकामना की।

### वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भेंट किये

**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर राष्ट्रपति एवं उनके परिवार को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) भी उपहार स्वरूप भेंट किये।

### प्रधानमंत्री फ्रांस-अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गये। दो देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने और अमेरिका में अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री ने फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर वह 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं।

## दिल्ली की हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार : ममता

**एजेंसी**

**कोलकाता :** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार है। अगर कांग्रेस आप के साथ समन्वय बना कर चलती, तो दिल्ली में इस तरह के नतीजे नहीं आते। साथ ही, उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर भी तंज कसा। कहा कि अगर आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करती, तो वहां पर भी परिणाम अलग हो सकते थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीत ली हैं, जबकि आप को 22 सीटें मिलीं हैं। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। चुनाव परिणाम आने के तुरन्त बाद तो ममता बनर्जी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया, लेकिन सोमवार को विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक दल की बैठक में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया।



## नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमन्त सरकार की पहल

# आपात स्थिति में बटन दबाते ही दिलायी जायेगी त्वरित मदद

- स्मार्ट सिटी ने शहर में लगाया 50 इमर्जेंसी कॉल बॉक्स
- राजधानी के महत्त्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं, तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किये हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है, तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं ; जैसे कि आप सड़क से गुजर रहे और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है, तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं। इसके लिए रांची शहर के महत्त्वपूर्ण 50 चौक-चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी ● शेष पृष्ठ 11 पर



### अहमदाबाद हवाईअड्डा को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद :** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो के एक विमान से सफाई के दौरान एक धमकी भरा पत्र मिलने से सनसनी फैल गयी। पत्र में विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। धमकी का पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गयीं और जांच शुरू कर दी। विमान के यात्रियों को रोक कर उनकी हैंडराइटिंग के सैंपल लिये गये। अहमदाबाद हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह 9.20 बजे जेद्दा से अहमदाबाद पहुंची इंडिगो फ्लाइट से सभी यात्रियों के बाहर निकलने के बाद विमान की सफाई की जा रही थी।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास लाया रंग

# झारखंड को मिले 28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**मुख्य सचिव ने कहा**

- सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बनायें
- उद्योगों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमिटी की हुई बैठक

**राज्य में उद्योग लगाने के लिए दें बेहतर माहौल : अलका तिवारी**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में सम्पन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# एयरो इंडिया के जरिये नौसेना ने दिखायी आसमानी ताकत में अपनी 'आत्मनिर्भरता'

**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** भारतीय नौसेना एयरो इंडिया के दौरान एक विजन दस्तावेज पेश कर रही है, जिसमें 'आत्मनिर्भरता' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का खाका तैयार किया गया है। इसे 'आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना उड्डयन-तकनीकी रोड मैप 2047' नाम दिया गया है। भारतीय नौसेना जमीन से लेकर दूर ऊंचे समुद्रों और विशाल महासागरों में काम करती है, इसलिए आम लोगों को भारतीय नौसेना के विमानन प्लेटफार्मों के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। एयरो इंडिया के दौरान आम जनता को विभिन्न प्रकार के नौसैनिक विमानों का प्रदर्शन करके उनसे परिचित कराया जा रहा है।

**■ इंडिया पवेलियन में विभिन्न प्रकार के नौसैनिक विमानों का किया गया प्रदर्शन**




### एचएएल ने स्वदेशी ट्रेनर एचजेटी-36 का नाम बदल कर किया 'यशस'

**हिन्दुस्तान** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अपने एचजेटी-36 प्रशिक्षण विमान का नाम बदलकर 'यशस' कर दिया है। रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार ने एयरो इंडिया के एचएएल पवेलियन में नामकरण के बाद ट्रेनर विमान का नया संस्करण लॉन्च किया। एचएएल के प्रमुख डीके सुनील ने कहा कि यह विमान किरण मार्क-2 की जगह ले सकता है और इसमें निर्यात की भी अच्छी सम्भावनाएं हैं।

## एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का कुछ यूं हुआ शुभारम्भ

- 90 देश के साथ 900 से ज्यादा प्रदर्शक हो रहे शामिल
- पीएम के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में दुनिया में मजबूत हुआ भारत : संजय सेठ



**रांची/बेंगलुरु :** बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो का भव्य उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को किया। एशिया के सबसे बड़े इस एयर शो में दुनिया भर के 90 देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र से जुड़े दुनिया के 900 से ज्यादा प्रदर्शक इसमें अपनी भागीदारी निभायेंगे। इस शो में भारतीय सेना द्वारा भी कई प्रदर्शनी की गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीडीएस अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी, सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी सहित कई देशों के प्रतिनिधि, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सैन्य क्षेत्र से जुड़ी गण्यमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

## एक झलक

### महाकुम्भ में स्नान के लिए 55 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना




**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव से प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धा का डुबकी लगाने के लिए श्रद्धांलुओं का जत्था रवाना हो गया। इस यात्रा में 55 श्रद्धालुओं का दल शामिल है। सतेंद्र साहू के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का यह जत्था सबसे पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के महाकुंभ में संगम स्नान करेंगे। इसके बाद विंध्याचल व अयोध्या के लिए भी रवाना होंगे। जहां अयोध्या के दर्शन करेंगे। ज्ञात हो कि 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में शामिल होने को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। वही कार्यक्रम में सबसे पहले श्रद्धालुओं के जत्था को पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ करने के बाद बस को रवाना किया गया। तत्पश्चात सुशील कुमार साहू ने सभी श्रद्धालुओं को लाल गमछा व तिलक लगाकर सम्मान के साथ बस में बैठाकर गायत्री मंत्र का उच्चारण कर रवाना किया. इस पुनीत अवसर पर सतेंद्र साहू ने बताया कि यह जत्था सर्वप्रथम अयोध्या के राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर काशी प्रयागराज के महाकुंभ के संगम में अमृत स्नान करेंगे। उसके बाद वहां से बनारस पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु वापस लौटेंगे। इस जत्था में शामिल श्रद्धालु समेत दर्जनों महिला व पुरुष शामिल थे।

### 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थी




**अनगड़ा :** सोमवार को भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान में ऑनलाइन आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सीआईटी के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा से सम्बंधित तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से तनावमुक्त रहने, सही पोषण, उचित निद्रा, आत्मबल का विकास समेत स्वविवेक से निर्णय लेने आदि विषयों पर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम दिन के 11 बजे से ऑनलाइन आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डीन (आईक्यूएसी) डॉ नवीन सिन्हा, डीन (आरएनडी) डॉ रितेश कुमार, सीएसई विभागध्यक्ष प्रो दीपक कुमार वर्मा के अलावे सभी विभागध्यक्ष एवं शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की देखरेख में संपन्न हुआ।

### अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में खूंटी जिला प्रशासन की ओर अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन के लिए लगातार और सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले के कर्रा समेत अन्य प्रखंडों में अवैध अफीम की फसलों को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट किया जा रहा है, ताकि इस अवैध गतिविधि पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। वहीं मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके साथ ही अड़की समेत अन्य प्रखंड के किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मूंग बीज समेत अन्य बीजों का वितरण किया जा रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें वैध एवं लाभकारी कृषि कार्यों से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। जन जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए किसानों और स्थानीय निवासियों को अफीम के दुष्प्रभाव के साथ-साथ वैकल्पिक खेती के -लाभों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

रांची जिलान्तर्गत अवस्थित पंचायतों में उत्पन्न होनेवाली समस्याओं से अवगत होने के निमित्त 'टॉक टू डीसी' ऑनलाइन संवाद किये जाने को लेकर पूर्वाभ्यास

# पारदर्शी प्रशासन के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध : डीसी

- जिला प्रशासन से जनता अपनी समस्या सीधे तौर पर रख पायेगी, जिसका त्वरित निष्पादन कराना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में रांची जिलान्तर्गत अवस्थित पंचायतों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत होने के निमित्त 'टॉक टू डीसी' ऑनलाइन संवाद किये जाने हेतु पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास क्रम में सभी सम्बंधित पदाधिकारी/कर्मी/ऑपरेटर एवं रांची जिला के सभी प्रखंडों के कुल 305 पंचायत के पंचायत सचिवालय में बैठने वाले सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक लिंक के माध्यम से कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए।

**जिला प्रशासन द्वारा शुरू की जाने वाला एक महत्वपूर्ण पहल**

Talk to DC जिला प्रशासन द्वारा शुरू की जाने वाला एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें ग्रामीण जनता को किसी भी प्रकार की समस्या के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है, वह अपने निकटतम पंचायत सचिवालय में जाकर बिल्कुल निः शुल्क रूप से अपनी समस्या दे सकते हैं। उपायुक्त द्वारा सीधे तौर पर शिकायत सुना जाएगा जिसमें सम्बंधित विभाग के अधिकारी पदाधिकारी शामिल रहेंगे। ताकि उनके समस्या का तत्काल निष्पादन किया जा सकें। जिला प्रशासन से जनता अपनी समस्या सीधे तौर पर रख पाएंगे। जिसका त्वरित निष्पादन कराना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने विशेष रूप से कहा की पारदर्शी प्रशासन के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

## डीसी ने जनता दरबार में की लोगों से मुलाकात



**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री सोमवार को जनता दरबार में जिला के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। लोगों की शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता आदि से संबंधित आवेदन आये।

## घुटुवा में बेदिया युवा महोत्सव 2025 की तैयारी जोरों पर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** घुटुवा मैदान में आगामी 16 फरवरी को बेदिया युवा मंच के चौथे वर्षगांठ पर भव्य युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। घुटूवा पूजा मैदान में चारदिवारियों पर झारखंड की संस्कृति पर आधारित आकर्षक कलाकृतियां उकेरी गई हैं। आयोजन समिति कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तन्मयता से जुटी हुई है। बताया जाता है कि कार्यक्रम में डीआरडीओ, भारत सरकार के वैज्ञानिक गिरधारी मांझी, बेदिया विकास परिषद केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया, संयोजक देवकीनंदन बेदिया, साहित्यकार रूपलाल बेदिया, दिनेश बेदिया सहित राज्य भर से कई गणमान्य, बुद्धिजीवी और युवा शामिल रहेंगे। युवा महोत्सव के तहत भव्य विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके साथ-साथ युवाओं के बीच सामान्य ज्ञान, पेंटिंग, तीरंदाजी, हस्तकला, सामूहिक नृत्य, नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत किए जाएंगे। वहीं मैदान में कुटीर उद्योग, कला सहित अन्य वस्तुओं के स्टॉल भी सजे देखने को मिलेंगे।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का डीसी ने किया शुभारम्भ

- अभियान के तहत जिले में 10,82,581 लोगों को खिलायी जायेंगी फाइलेरिया रोधी दवाएं
- जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** सदर अस्पताल रामगढ़ में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ सोमवार को रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने किया। अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों और चिकित्सकों ने फाइलेरिया रोधी दवाइयों का सेवन किया।

इस दौरान सिविल सर्जन ने उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान की जानकारी दी। अवसर पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन ने लोगों को फाइलेरिया रोग और इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डॉ. अजय चौधरी द्वारा बताया गया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल, ये दोनों दवाइयाँ बिलकुल सुरक्षित है, मात्र संक्रमित व्यक्तियों में ही मामूली प्रतिकुल प्रभाव जैसे कि बुखार, चक्कर, उल्टी, सरदर्द इत्यादि हो सकते हैं। जो 24 से 48 घंटे के बीच बीना किसी उपचार के भी ठीक हो जाता है। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी लक्षित 1082581 लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल) की एकल खुराक खिलाई जानी है। जबकि दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अत्यंत बीमार व्यक्ति को इन दवाओं का सेवन नही करने की बात कही गई। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एहतेशामुद्दीन, उपाधीक्षक डॉ. ठाकुर मृत्युन्जय, डॉ नितेश कुमार, डॉ. पल्लवी कौशल, डीपीएम बिजय कुमार, डीडीएम रशमी आनंद, जिला भीबीडी सलाहकार संजना कुमारी, लिपिक रवि कांत रवि, रितेश कुमार, राजन कुमार ठाकुर, विमल केशरी, मो. मिन्हाज अंसारी सहित सदर अस्पताल के कर्मी उपस्थित रहे।

# मंत्री ने किया सीएचसी बेड़ो का औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को बेड़ो प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं व वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी ली।उन्होंने विभिन्न वार्डों निरीक्षण किया। साथ ही पदाधि कारियों को व्याप्त कमियों को शीघ्र ही सुधार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री मरीज वार्ड पहुंचे। मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। साथ ही नवजात शिशु एवं उनकी माताओं से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की भी जानकारी लिया। वहीं मंत्री ने बीपीएम अमिता लाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सफल संचालन की व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक,परवेज आलम, बीपीएम अमिता लाल, नवल किशोर सिंह, मो फहीम व मो शमशाद समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ




- बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने खुद दवा खाकर किया शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत कुल्ही पंचायत के सभी बूथों पर बीस सूत्री अध्यक्ष की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर आशा कार्यकताओं द्वारा फाइलेरिया की दवा का वितरण किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रह जाए। बीस सूत्री अध्यक्ष ने स्वयं सभी बूथों का दौरा कर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने न केवल लोगों से दवा सेवन की अपील की, बल्कि स्वयं भी फाइलेरिया की दवा खाकर इस अभियान का शुभारंभ कर इस अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर सीएचओ सुमिता कुमारी, वीणा कुमारी, सरोज कर-केट्टा, योगेन्द्र कुमार, सहिया एवं आंगनबाड़ी कर्मी मौजूद थे।

# मंगला शोभा यात्रा को लेकर बजरंग दल ने की बैठक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रेलवे स्टेशन के निकट श्री महावीर मंदिर में सोमवार को बजरंग दल की बैठक हुई। जिसमें भुरकुंडा सहित आसपास के प्रबुद्ध लोग शामिल रहे। बैठक के दौरान रामनवमी से पूर्व निकाली जानेवाली मंगला शोभा यात्रा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आगामी एक अप्रैल को भुरकुंडा में भव्य मंगला शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लेते हुए तैयारियों में जोर-शोर से जुट जाने का आव्हान किया गया। बताया जाता है कि मंगला शोभा यात्रा में भुरकुंडा क्षेत्र के सभी रामनवमी अखाड़ों सहित मंदिर समितियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद भुरकुंडा खंड पालक अनामिका श्रीवास्तव, बजरंग दल संयोजक किशोर कुमार, समाजसेवी सागर दांगी, समाजसेवी नितेश ओझा, विद्यार्थी परिषद संयोजक शुभम गिरी, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, चिकोर अध्यक्ष सूरज कुमार, अभिषेक पटेल, सुजीत कुमार, विक्की कुमार, बजरंग दल संयोजक चिकोर सोनू कुमार, रोशन कुमार, प्रशांत सिंह, नीरज सिंह, रवि सिंह, ज्वाला सिंह, पुणे सिंह, रोहित सोनी, विक्की सिंह सहित कई उपस्थित थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने बैठक में बनायी आंदोलन की रणनीति




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** हेसला पंचायत में सोमवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें विचार विमर्श करते हुए अल्ट्राटेक सिमेंट फैक्ट्री के विरुद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान फैक्ट्री प्रबंधन की मनमानी और मजदूरों के शोषण के खिलाफ आगामी 18 और 19 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करने और 20 फरवरी को फैक्ट्री गेट अनिश्चितकालीन जाम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय मंत्री सुभान अंसारी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मनोरंजन महतो, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इनामुल अंसारी, एसटी मोर्चा जिला संगठन सचिव आर्यन टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग कुमार, सक्रिय सदस्य रफीक अंसारी, आनंद गंझु, प्रेम लाल बेदिया, परशुराम दांगी, कविता देवी,ललिता देवी, नोमी देवी, मुकेश बेदिया, रतन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

मंत्री ने बेड़ो में बीडीओ, सीओ व कर्मियों के आवास भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# अधिकारी व कर्मचारियों को मिलेगी आवास की बेहतर सुविधा : शिल्पी नेहा तिर्की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित तहसील कचहरी परिसर में सोमवार को ग्रामीण विकास मद से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आवास, पर्यवेक्षक, आवास, तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य का कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर-के शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आवास का निर्माण हो जाने से पदाधिकारी के साथ- साथ अन्यकर्मियों को एक ही छत के नीचे रहने की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में आम जनता के साथ साथ पदाधिकारियों एवं कर्मियों का भी ख्याल रखती है। झारखंड के सभी प्रखंड में बीडीओ सह सीओ एवं अन्य कर्मियों का आवास काफी पूर्व ही जर्जर हो चुका था। प्रखंड मुख्यालय में आवास नहीं रहने के कारण पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में रहने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब आवास बन जाने के बाद सभी पदाधिकारी एवं कर्मी 24 घंटे प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही रहेंगे। उन्होंने विभाग के पदाधिकारियों व संवेदक से कहा कि भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए ससमय पर कार्य पूरा करें। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों की योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान के साथ मंत्री का स्वागत किया। वहीं मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, सीओ प्रताप मिंज, बीपीओ संजय तिर्की,थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, जेई सद्दाम अंसारी, परवेज आलम, करमा उरांव,नवल किशोर सिंह,मो फहीम व मो शमशाद,मकबुल अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो में विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्यतिथि आज मनायी जायेगी

**बेड़ो :** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान में सोमवार को पड़हा संचालन समिति की एक बैठक हुई। बैठक में मंगलवार पूर्व विधायक सह पड़हा संचालन समिति के संरक्षक स्व विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्यतिथि स्मृति दिवस मनाई जाएगी। जिसमें झारखंड के आंदोलनकारियों,पड़हा राजा, दीवान व पड़हा प्रेमियों को समय से शामिल होने की आग्रह किया है। बैठक में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय 12 व 21पड़हा के सचिव चरवा उरांव, लीला मुंडा, रशीद मीर, भोला उरांव, बबलू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# विद्यालय में छात्रों ने देखा प्रधानमंत्री का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करने हेतु किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वार्ता के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने, समय प्रबंधन और पढ़ाई के प्रभावी तरीकों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि परीक्षा को डर की बजाय एक अवसर के रूप में देखें और आत्मनिर्भरता के साथ तैयारी करें। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को न केवल परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव मिले, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा। छात्रों ने प्रधानमंत्री की बातचीत को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यह कार्यक्रम उनकी परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा। विद्यालय में इस कार्यक्रम को देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य शम्मी राज, अमरदीप नाथ शाहदेव, रेखा पाठक, शशि कान्त आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने दण्डाधिकारियों के साथ की बैठक

# मैट्रिक के 53 और इंटर के 40 केन्द्रों पर आयोजित होंगी परीक्षाएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी 11 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में स्थिर, गश्ती दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के लिए जारी दिशा निदेर्शों से संबंधित पुस्तिका को सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को परीक्षा के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी देने के क्रम में स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, जिला कोषागार पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए एमडीए के तहत कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अन्तर्गत बूथ दिवस का उद्घाटन प्रखंड कार्यालय गोला में उपप्रमुख विजय ओझा, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी के द्वारा संयुक्त रूप से डी.ई.सी. एवं एल्बेंडाजोल की दवा खाकर विधिवत रूप से किया गया । ज्ञात हो कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम 10 फरवरी 2025 से लेकर 25 फरवरी 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुल 263 टीम बनाई गई है जो 10 फरवरी को बूथ पर दवा खिलाएँगे एवं 11 फरवरी 25 तारीख से घर घर जाकर सहिया एवं सेविका के द्वारा दवा खिलाई जाएगी। 2 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी । इसके लिए कुल 173000 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविका, निगरानी निरीक्षक रूपेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनय उरांव शामिल थे।

## एक झलक

### अंचलाधिकारी के संरक्षण में जमीन दलालों की चांदी

**केरेडारी** : थाना क्षेत्र के मौजा भदईखाप हल्का 6 में खाता 47 प्लौट 125,345 जो जमीन गैरमजरुआ किस्म का है उसी से सटा केशरहिंद का भी जो मुख्य सड़क से सटे होने के कारण जमीन दलालों द्वारा रैयती जमीन मालिक से एग्रीमेंट करवाते हैं, और केशरहिंद एवं गैर मजरूआ जमीन को उच्च दामों में बेचा जा रहा है जमीन दलालों का अंचल कार्यालय से अच्छा संबंध होने के कारण जमीन मालिक का आवेदन दरकिनार उचित कानूनी कार्रवाई न करते हुए भी जमीन दलालों का संरक्षण मिल रहा है जिससे अंचल कार्यालय जमीन दलालों के कब्जा में देखा जा रहा है आखिर ऐसा कब तक होते रहेगा। अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है यह बड़ा सवाल आप बड़े अब भदईखाप के ग्रामीण जिला मुख्यालय के दरवाजा खटखटाना के लिए तैयारी कर रहे हैं।

### भवनाथपुर गुरुकुल की जर्जर छत बनी खतरा

**भवनाथपुर** : क्षेत्र के प्रतिष्ठित भवनाथपुर गुरुकुल की छत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्राचार्य ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गुरुकुल प्रशासन के अनुसार, यह संस्थान अब तक 1368 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी दिलाने में सफल रहा है, लेकिन वर्तमान में इमारत की खराब हालत के कारण छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय की छत में कई जगह दरारें आ गयी हैं, जिससे बारिश के दौरान पानी टपकता है और दीवारें भी कमजोर होती जा रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर सिंह ने बताया कि उन्होंने उन्होंने उपायुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा, हमारी संस्थान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए समर्पित है, लेकिन इस जर्जर भवन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद)**: सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में पीएम मोदी के द्वारा बच्चों को दिए गए टिप्स परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने बच्चों को पढ़ाई के आसान टिप्स तथा एग्जाम स्ट्रेस दूर करने के तरीकों को बताया। जिससे छात्र-छात्राओं में संघर्ष क्षमता और परीक्षा के दौरान संतुलन बनाए रखने की क्षमता का विकास होगा। परीक्षा के लिए भाई बहनों को उन्होंने अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी के बच्चों ने परीक्षा पर चर्चा में लिया भाग

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद): डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में सोमवार को कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत परीक्षा पर चर्चा में भाग लिया और जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रतिज्ञा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विचार और मन की बातों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों में जो तनाव और चिंता होती है, उसको इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा कम किया जा सकता है।

### सामाजिक समरसता धनबाद महानगर अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म समारोह

धनबाद: धनबाद संघ कार्यालय में सामाजिक समरसता के ओर से देवी अहिल्या बाई का जन्मोत्सव आयोजित किया गया।
सभा की अध्यक्षता अनिल बांसफोर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामलाल टुडू, विशिष्ट अतिथि किशोर निषाद, मुख्य वक्ता दिनेश मंडल थे।

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा आज से, 56,317 परीक्षार्थी लेंगे भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 27339 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 28978 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल 56,317 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए हजारीबाग जिले में 76 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी ने सभी गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गस्ती दल पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड



परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने का निदेश दिया। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के शुद्ध पानी, रनिंग वाटर युक्त छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय, परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यस्था, पर्याप्त फर्नीचर (बेंच-डेस्क) आदि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निदेश दिया। उन्होंने क्वेश्चन पेपर का हैंडलिंग, डिस्ट्रीब्यूशन समय से हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।वहीं बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को आवंटित रौल नंबर-रौल कोड के अनुरूप परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग आगुर्मेंट करने का निदेश दिया। परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान निषेधाज्ञा लागू रहेगी। निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों के अलावें अन्य किसी की उपस्थिति निषेध रहेगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की जिम्मेवारी केन्द्राधीक्षक को है। कोई अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए लिए सर्तकता बरतें। नोडल पदाधिकारियों पर परीक्षा केंद्र का मॉनिटर करने की जिम्मेवारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त पुलिस पदाधिकारी प्रातः 7:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुचेंगे। महिला छात्रों का चेकिंग महिला पदाधिकारी ही करेंगे। क्वेश्चन पेपर की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना सुनिश्चित करेंगे और जिन पदाधिकारी के बच्चे परीक्षा में भाग ले रहे हैं वह किसी दूसरे परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी करना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा**

माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में और इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित होगी। 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर दोनों परीक्षाएं 3 मार्च तक चलेगी। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद, बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई संबंधित पदाधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल ने अपना 10वां वार्षिक उत्सव पूरे धूमधाम से मना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम बुकना स्थित ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल में अपना 10वा स्थापना पूरे धूमधाम से दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गैड़ा पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो नेता महताब हुसैन के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में श्री हुसैन ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र गैड़ा, बुकना, कीतोर्डीह, बुकना एवं पांडेडीह में शिक्षा का अलख पिछले 10 वर्षों से शिक्षा का केंद्र बिंदु के रूप में जाना जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा उत्तरदाई हैं। अपने बचत का अधिकतम हिस्सा शिक्षा में खर्च करें, उसका सकारात्मक परिणाम



आपको जरूर मिलेगा। शिक्षक बच्चों को स्कूल में मार्गदर्शन करते हैं, अभिभावक उन्हें अपने घरों में मार्गदर्शन करें, जिससे उनमें मेहनत करने की आदत बनेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो ने अपनी अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा, जिसको देख कर लगा कि हमारे क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सही प्लेटफार्म मिलने से गांव के बच्चे भी अपना लोहा मनवा सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गैड़ा पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो नेता महताब हुसैन, स्कूल के डायरेक्ट शकील अंसारी, प्रधानाचार्य अर्जुन पंडित, वार्ड सदस्य समीर अंसारी, सुनील कुमार, सुनील साहू, आरजू प्रवीण, तरन्नुम प्रवीण, अफसाना शेख, सुबोध सिंह, जलील अंसारी, शौकत अंसारी, सागर सोनी, प्रकाश यादव, अनिल पाण्डेय, शेख इम्तियाज, शेख फैजान, नयूम अंसारी, आवेश अंसारी, रोजान अंसारी, इब्राहिम अंसारी, जमीला खातून, शेख अल्ताफ, आमना खातून, सीता देवी, अरमान अंसारी, शफीक अंसारी, शहजादी खातून समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अवैध खनन पर जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**सुजीत कुमार**

**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गयी। इस दौरान राजस्व संग्रहण (रिवेन्यू कलेक्शन) की स्थिति की समीक्षा की गयी और इसमें आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने खनन विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की बात कही गयी।

**मिट्टी सर्वेक्षण व ईंट भट्ठा संचालन की जांच होगी**

**बैठक** के दौरान जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने बताया कि मिट्टी खनन का सर्वे अनुमोदित किया जा चुका है। इसके तहत जिले में संचालित



सभी मिट्टी खनन एवं ईंट भट्ठों की जांच की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जायेगी और जो भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जायेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**अवैध खनन पर होगी सख्त कार्रवाई**

**बैठक** में पूर्व में प्राप्त अवैध खनन के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जितने भी अवैध उत्खनन के मामले पूर्व में सामने आये हैं, उन सभी पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने खनन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खननकर्ताओं पर जुर्माना लगाने के लिए जल्द से जल्द डिमांड नोट जारी किया जाये ताकि सरकारी राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

**20 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश**

**उपायुक्त** ने खनन विभाग के पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में भेजे गए जांच प्रतिवेदनों को अगले 20 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर निगरानी आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस समीक्षा बैठक में जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला खनन निरीक्षक एवं अन्य संबंधित, पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खनन से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करें।

## महाकुम्भ से स्नान करके लौट रहे तीन तीर्थयात्रियों की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**हजारीबाग** : हजारीबाग के चरही थाना अंतर्गत भीषण सड़क दुर्घटना हुई है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है, जिसमें अंस देवी, संजू देवी, सोनी देवी शामिल है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं घायलों में रंजू देवी, पुनीता देवी, असिता देवी, उमा देवी और ज्योति देवी हैं। बताया जाता है कि रांची का रहने वाला पूरा परिवार है जो आपस में तय करके महाकुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज निकला था। स्नान कर वापस लौट के दौरान चरही घाटी के समीप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतक अंश देवी गुमला की रहने वाली हैं। संजू देवी और सोनी देवी रांची आदिवासी चौक आईटीआई की रहने वाली है। घायलों में रंजू देवी और उमा देवी मां बेटी है दोनों आईटीआई चौक के निकट की रहनेवाली है वहीं पुनीता देवी बुंडू, असित देवी मांडर और ज्योति देवी भी रांची की ही रहने वाली है। घायल रंजू देवी ने बताया कि सभी लोग आपस में मिलकर प्रयागराज कुंभ जाने के लिए तैयारी की। सभी एक ही परिवार के लोग हैं। गाड़ी भाड़ा में लेकर प्रयागराज के लिए 08 फरवरी को सुबह निकले थे। 09 फरवरी को सभी ने महाकुम्भ में स्नान किया। रात में ही वापस रांची जाने के लिए निकले। इसी दौरान चरही घाटी के निकट कोयला ढोने वाले मोटरसाइकिल से गाड़ी अनियंत्रित हो गया और खड़े ट्रक को जा मारा जिससे यह घटना घटी है। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है कुछ मरीजों को रेफर करने की भी तैयारी चल रही है। तीनों मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है और परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई है।

### आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में 43 ग्रामीणों को मिला लाभ

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सार्थक हो रहा है: डॉ. प्रवीण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित गदोखर पंचायत भवन में सोमवार को निशुल्क दंत जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 43 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने हजारीबाग कॉलेज ऑफ



डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भी सफलतापूर्वक शिविर को संपन्न कराने में अपना योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सार्थक हो रहा है, जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह-जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने श्रीनिवास होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डेंटल कॉलेज के डॉ प्रिंस, सिस्टर रेशमी सकीना, प्रशिक्षु गुलाबशा रिजवाना, लैब विभाग राकेश कुमार एवं नेत्र विभाग राहुल कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में भेजे गये एसडीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया. जहां से उन्हें 14 दिनों का न्यायिक हिरासत में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। सबसे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां उनका शारीरिक जांच किया गया। जांच करने के बाद उन्हें कोर्ट लाया गया। तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप है। आरोप लगने के बाद पहली बार अशोक कुमार ने कहा कि जो भी आरोप लगाया गया है वह सभी निराधार है। सिक्के के दो पहलू होते हैं। पहले पहलू पर बहुत अधिक दुष्प्रचार हो चुका है। वहीं उन्होंने अपनी पत्नी अनीता देवी पर कहा कि दिवंगत आत्मा के



शांति के लिए मैं कुछ भी नहीं करना चाहता हूं। अशोक कुमार के अधिवक्ता राजकुमार राजू ने कहा 14 दोनों का न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस जिसे गिरफ्तार करती है उसे कोर्ट में पेश करना होता है। इसी के तहत उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। अशोक कुमार चाहेंगे तो जमानत के लिए अर्जी दिया जायेगा। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले 41 दिनों से वह फरार चल रहे थे। अंततः हजारीबाग लोहसिंघना थाना और उनकी टीम ने उन्हें जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया. देर

## बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में हर्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के रखवा (बीच टोला) में जेएलकेएम युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बीते एक सप्ताह से रखवा टोला में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी जानकारी जेएलकेएम युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो को दी गई। उन्होंने तत्काल मामले



को संज्ञान में लेकर संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। नये विद्युत ट्रांसफार्मर मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई, जिससे ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंजिनियर मुकेश कुमार महतो ने कहा कि ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण ग्रामवासियों को विभिन्न बिजली संबंधित कार्य में काफी परेशानी हो रही थी, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियो में बाधित हो रही थी। अब नये विद्युत ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में रोशनी से रहेगा जगमग और विभिन्न परेशानियों से छुटकारा मिल पायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो हमें सूचित जरूर करें। इस दौरान बकसपुरा वरीय उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, पोखी महतो, युगल महतो, अनूप महतो, तालो महतो, सचिन कुमार, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की जिला परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक

**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला परिवहन मोटरयान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई, जिसमें परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता, विभागीय कार्यों की समीक्षा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया और अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त हेमंत सती ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवाओं को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## कार्यपालक विद्युत अभियंता सुब्रत बनर्जी ने किया पदभार ग्रहण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कार्यपालक विद्युत अभियंता के रूप में सुब्रत बनर्जी ने पदभार ग्रहण किया। पुराने कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार ने नए कार्यपालक अभियंता का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सुब्रत बनर्जी जो पहले हजारीबाग को सहायक विद्युत अभियंता के रूप में सेवा दे चुके हैं। हजारीबाग क्षेत्र से यह भली भांति वाकिफ है इन्हें बिजली विभाग में बिजली की समस्या को निष्पादन करना बखूबी आता है। पदभार ग्रहण करते हुए इन्होंने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता लोगों को बिजली सुविधा मुहैया कराना है बिजली को सुचारू रूप दुरुस्त रखना मेरी पहली प्राथमिकता है उन्होंने यह भी बताया



कि राजस्व संग्रहण के लिए वह अधिक जोर देंगे और विभाग को संभव प्रयास से सहायता पहुंचाएंगे इसके लिए वह अपने टीम के साथ पूरे जोरों शोर से काम करेंगे। कहा कि किसी भी व्यक्ति की समस्या के लिए हम बैठे हैं उनके समस्या का निष्पादन तुरंत किया जायेगा वह हमसे आकर डायरेक्ट मिल सकते हैं और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किसी प्रकार से भी बिजली की चोरी करते हैं वह सावधान हो जाए क्योंकि उस प्रकार के लोगों को चिन्हित कर-के कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उपस्थित पुराने कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार ने नए कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी को बधाई देते हुए उनकी बेहतर भविष्य की कामना की है। मौके पर उपस्थित सहायक विद्युत अभियंता राघवेंद्र प्रताप सिंह, कृष्णदेव प्रजापति, अमित कुमार शर्मा ने भी पुष्प गुच्छ देकर नये कार्यपालक अभियंता का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

# जिला प्रशासन स्वच्छ व कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ संकल्पित : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही है। इस हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।उन्होंने कहा कि कोडरमा प्रशासन शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि



संपूर्ण कोडरमा में परीक्षाओं का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, जिला प्रशासन द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यों का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। जिला प्रशासन स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार कोडरमा जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्याक तानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्व झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने जनहित एवं जिलाहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील किया है कि वे निःस्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ-साथ कोडरमा की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

## मैट्रिक में 1533 व इंटर में 570 परीक्षार्थी होंगे शामिल

भवनाथपुर : मैट्रिक की परीक्षा के लिए चार तो इंटर की परीक्षा के लिए एक केंद्र बनाए गये हैं। जहां मैट्रिक में 1533 तो इंटर 570 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

11 फरवरी से परीक्षा शुरू होनेवाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की नजर में परीक्षा संपन्न हो किये जाएंगे। जानकारी देते हुए प्लस टू हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय और परियोजना बालिका हाई स्कूल के प्राचार्य सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि प्लस-टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर इंटर के कुल 570 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें बीएसएम इंटर कॉलेज के आर्ट्स से 47 साइंस से 47 कॉमर्स का तीन परीक्षार्थी, अपग्रेडेड हाई स्कूल राजी के आर्ट्स से 110, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवनाथपुर के 27, कस्तूरबा खरौंधी के 40 और अपग्रेडेड हाई स्कूल परसोडीह के आर्ट्स से 89 और साइंस से 51,झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय केतार के आर्ट्स से 30,प्रो बृजनाथ आर्य इंटर कॉलेज केतार के आर्ट्स से 92 कॉमर्स से दो और साइंस से 32 परीक्षा में भाग लेंगे। मैट्रिक में 559 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें समता लोहिया हाई स्कूल केतार से 518 और अपग्रेडेड हाई स्कूल वनखेता से 41 परीक्षार्थी। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में 396 परीक्षार्थी शामिल होंगे, उसमें आर के प्लस टू भवनाथपुर के 302, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर के 52, केतार के 42 परीक्षार्थी, उसी तरह अपग्रेडेड हाई स्कूल मकरी परीक्षा केंद्र में परियोजना बालिका हाई स्कूल भवनाथपुर की 313 छात्राएं परीक्षा लिखेंगी। वहीं राजकीय बुनियादी स्कूल परीक्षा केंद्र में 265 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## एक झलक

### पीट वाटर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**अलकडीहा (धनबाद)** : सोमवार को डीवाईएफआई के बैनर तले लोदना शिव मंदिर इस्लामपुर केशव नगर बच्चू बाबू धावड़ा और घमंडी पटी में पीट वाटर की समुचित आपूर्ति के लिए बागडिगी से लेकर लोदना चेक पोस्ट तक सड़क जाम किया। इस सड़क जाम में डीवाईएफआई के जिला सचिव नौशाद अंसारी, भगवान दास पासवान, मोहम्मद सगीर, अर्जुन पासवान, संजय पासवान, मोहम्मद साकिब, मोहतसिम बिल्ला, परवेज आलम, वाहिद अंसारी, विनोद धारी, मनोज पासवान, अब्दुल्ला मास्टर, हबीब मुंशी, मोहम्मद वसीम, वसीम खान, राबिया खातून, रोशन खान, रोशन परवीन, बानो खातून, लीला देवी, सोनवा देवी आदि इस आर्थिक नाकेबंदी में उपस्थित थे। यह बंदी लगभग 3 घंटे तक चली। उसके बाद लोदना एरिया ऑफिस में महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ने संगठन के नेताओं से वार्ता कर एक माह का समय के अंदर 6 इंची पाइप का व्यवस्था कर इन मोहल्लो में समुचित पानी आपूर्ति करने का आश्वासन के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।

### प्रयागराज से लौट रही कार दुर्घटनाग्रस्त, कई लोग घायल

**धनबाद** : महाकुंभ प्रयागराज से स्नान कर लौट रहे परिवार आज सुबह धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र के मानटांड़ के पास एनएच 19 पर हादसे का शिकार हो गया। सभी जायलो कार पर सवार थे और कुंभ से स्नान कर वापस अपने घर कोलकाता लौट रहे थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती किया गया। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इलाज करा रहे वाहन चालक सोमनाथ ने बताया कि वह सभी कल शाम 4 बजे प्रयागराज से निकले थे और कोलकाता जा रहे थे। तभी आज सुबह तोपचांची के पास उसकी आंख लग गई, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों में तीन महिला और तीन पुरुष शामिल हैं।

### 15 फरवरी से बीसीसीएल में आरसीएमयू का जन जागरण अभियान

धनबाद : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा एवं कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को केंद्र सरकार की नीतियों पर आपत्ति जताई। कहा कि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन 15 फरवरी से 28 फरवरी तक बीसीसीएल में हर एरिया हर ब्रांच स्तर पर विचार गोष्ठी, संगोष्ठी, पदयात्रा, जनसंपर्क कर मजदूरों के बीच जन जागरण अभियान चलाएगा। मार्च माह में हर ब्रांच एरिया स्तर पर सत्याग्रह का कार्यक्रम होगा। इसके बाद यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल (अनूप सिंह) विधायक से विचार विमर्श कर बीसीसीएल मुख्यालय पर धरना सत्याग्रह कार्यक्रम कि तिथि घोषितकी जाएगी । इस संघर्ष को जारी रख के हम मजदूरों के हौसले और मनोबल को ऊंचा रखेंगे। पूंजीवादी अन्याय का विरोध करेंगे और अपनी आवाज देश में बुलंद करने का काम करेंगे।

### अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**पाथरडीह (धनबाद)** : अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा धनबाद जिला के बेनर तले छठा स्थापना दिवस सह प्रदेश कार्यसमिति बैठक पाथरडीह में राजेश हरि की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक राम राष्ट्रीय सदस्य डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता भारत सरकार (नई दिल्ली) थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता तथा मंचासिन सभी अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। मुख्य वक्ता ध्रुव कुमार हरि ने समाज के लोगों से अधिक भागीदारी की जरूरत की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य लखन राम, डबलू हरि, आजाद हरि, आकाश हाड़ी, आनंद हरि, वीरेंद्र हाड़ी, गोपाल हरी, अशोक हरि, संतोष हाड़ी, राजेश हरि, अनिल कुमार, नारायण हरि, अमित कुमार हरी, गौरव कुमार हरी, विकास कुमार हरी, सुरेश कुमार हरि, कृष्ण हरी, राजेश कुमार राम, प्रकाश हरी, एस के माथुर, लखन हरी, रवि हाड़ी श्री सूरज हाड़ी, राजन हाड़ी, सरजू हाड़ी, बलराम हाड़ी, साधना कुमारी, गीता देवी, सीमा देवी, कुमारी मिस्टी, कुमारी खुशी, राणा कुमारी, मंजू देवी, विकास हाड़ी, केलास हाड़ी, चन्दन हाड़ी, संकर हाड़ी, लीला देवी, गुडडू हाड़ी इत्यादि हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

---

कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# आज से 03 मार्च तक 105 केन्द्रों पर होगी परीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर 11 फरवरी से 3 मार्च तक वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा अवधि में सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने, परीक्षार्थी के फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ चेहरे का मिलान करने, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नहीं ले जाने देने, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा केंद्र के बाहर लोगों का जमवाड़ा नहीं लगने देने का निर्देश दिया। 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से संध्या 5:15 बजे तक आयोजित की जायेगी। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी सुमित कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के सभी केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा-2025, दिनांक 11 फरवरी, 2025 से आरम्भ हो रही है। वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा - 2025, दिनांक- 11.02.2025 से 03.03.2025 तक प्रथम पाली में (09.45 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराह्न तक) एवं इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक - 11.02.2025 से दिनांक-03.03.2025 तक द्वितीय पाली में (02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराहन तक) संचालित की जायेगी। धनबाद जिलान्तर्गत वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा कुल - 104 परीक्षा केन्द्र एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा कुल 89 परीक्षा केन्द्र में की जाएगी। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने 10. फरवरी.2025 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि को परीक्षा समाप्ति तक सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में धारा-163 भा.ना.सु.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। निषेधित क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ लगाना, अवैध रूप से मटरगश्ती करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि एवं वस्तु का उपयोग करने, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज-पत्र या अन्य सामग्री वितरित करने या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकुल प्रभाव डालने का प्रयास करना आदि को प्रतिबंधित किया गया है।

## भयमुक्त वातावरण में काम करेंगे चिकित्साक : एचपी जनार्दन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जिला के एसएनएमएमसीएच मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में सोमवार को पुलिस चौकी का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने फीता काटकर किया, मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के लिए 1/4 की फोर्स तैनात रहेगी।

गौरतलब हो की लंबे समय से पुलिस चौकी की मांग हो रही थी जो बनकर तैयार हो चुका है। जिसका विधिवत उद्घाटन धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने फीता काटकर किया। इस दौरान एसएसपी श्री जनार्दन ने बताया कि चिकित्साको एवं अस्पताल की सुरक्षा के मद्देनजर यहां लगातार पुलिस चौकी की मांग हो रही थी पुलिस चौकी बन जाने के बाद अब यहां 24 घंटे पुलिस के जवान तैनात रहेंगे, शुरूआत में यहां 1,4 पुलिस बल तैनात की जाएगी और भविष्य में दो आठ करने पर भी हमारा जोर रहेगा।

वही शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि पुलिस चौकी स्थापित हो जाने से यहां के चिकित्सकों एवं कर्मियों को आत्म बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो चिकित्सा अस्पताल में होमगार्ड जवानों की संख्या बढ़ाने की मांग अस्पताल प्रबंधन की ओर से एसएससी के समक्ष रखी गई है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में महज 20 होमगार्ड के जवान को ही लिमिट किया गया है, अस्पताल का दायरा जिस प्रकार से बड़ा है उस तुलना में होमगार्ड की संख्या ना काफी है, अस्पताल के दायरे को देखते हुए डेढ़ सौ होमगार्ड के जवानों की आवश्यकता है।

## उपायुक्त ने किया दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सोमवार को सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का शुभारंभ स्वयं डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस लाईलाज रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। जबकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जायेगी। किसी को भी यह दवा खाली पेट सेवन नहीं करनी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने फाइलेरिया से पीड़ित दो मरीजों को किट प्रदान की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह, डीएलओ डॉ मंजू दास, श्री शुभम् कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

### 1 लाख 57 हजार 720 लोगों को खिलायी फाइलेरिया की दवा

**धनबाद** : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सोमवार से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के पहले दिन जिले के 1 लाख 57 हजार 720 लोगों को गोली खिलाई गई। इसमें गोविंदपुर में 2982, टुंडी 22112, बाघमारा 33848, तोपचांची में 5984, धनबाद 44760, झरिया 21884, बलियापुर 13361 एवं निरसा प्रखंड में 12789 लोगों को फाइलेरिया से बचने के लिए गोली खिलाई गई। 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की है।

## सामाजिक संस्था ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा/धनबाद** : सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के द्वारा निरसा के मुगमा भालुकसुंधा, बिहार फायरब्रिक्स कॉलोनी चौक के सरकारी विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व संस्था के प्रवक्ता रिंकू भट्टाचार्य एवं सक्रिय सदस्य अभिषेक सिंह ने किया। इस शिविर में कुल 25 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि धनबाद जिले के लगभग सभी ब्लड बैंकों में अभी रक्त की कमी देखने को मिल रही हैं इसी को देखते हुए यह शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जागरुकता का भी विशेष ध्यान रखते हुए यह रक्त दान शिविर निरसा के एक सुदूर गाँव में रखा गया हैं ताकि गाँव के लोगों में जो रक्तदान को लेकर मन में डर या विभिन्न प्रकार की भ्रांति होती हैं उसे खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि भालुकसुंधा जैसे छोटे से ग्रामीण इलाके से यदि इतना रक्त दान मिल रहा हैं तो कहीं ना कहीं ये हमारी संस्था के लिए एक उपलब्धी की बात हैं ।संस्था के सदस्यों के द्वारा जागरूकता का कार्य हमेशा जारी रहेगा ताकि कभी भी जरूरतमंद की जान रक्त की कमी के कारण गवांना ना पड़े। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के जिला उपाध्यक्ष तापेश्वर चौहान, पतंजलि के जिला संयोजक मनजीत सिंह, निरसा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार दास, ब्रह्मदेव मोदी, धर्मेंद्र चौहान, रवीन्द्र कुमार, चंदन कुमार, राकेश महतो श्रीनिवास ब्लड सेंटर टीम से आशुतोष झा, मोकिन एवं अन्य उपस्थित थे।

## धनबाद की अनीता मजूमदार का अंतराष्ट्रीय मॉडलिंग व अभिनय में बढ़ता कदम



**धनबाद** : धनबाद की अनीता मजूमदार मॉडलिंग एवं अभिनय में नित्य में आयाम छोड़कर धनबाद का नाम रोशन कर रही है। इंडिया का सबसे बड़ा फैशन शो लैक्मे फैशन वीक में धनबाद की अनीता मजूमदार को सिलेब्रिटी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। इस संदर्भ में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार ने एक साक्षात्कार में बताया कि लक्मे ए फैशन वीक मुझे आमंत्रित कर सम्मानित किया और साथ ही साथ आगामी लैक्मे फैशन वीक में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एवं अन्य मशहूर मॉडल्स के साथ रैंप वॉक परफॉर्मेंस होगा। इसी महीने फरवरी में इजिप्ट के सबसे बड़े फैशन शो अंतरराष्ट्रीय एलवाईए रैंप शो आयोजित हुआ था जिसमें में टॉपर चुनी गई। इसकी ड्रेस डिजाइनिंग नीता खंडेलवाल ने की जो अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ड्रेस डिजाइनर है और मेरी ड्रेस डिजाइनर है। इन्हीं सब मेहनत, उपलब्धियां और धनबाद वासियों के समर्थन और आशीर्वाद से आगामी बहुत सारे वेब सीरीज, एल्बम फिल्मों में अभिनय के ऑफर आ रहे हैं।

## सेल जीतपुर कोलियरी में असंगठित मजदूरों ने किया प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने उसकी पीएफ एकाउंट को ऑनलाइन नहीं किए जाने के विरोध में तथा अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को कोलियरी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन विरोधी नारे भी लगाए। वहीं, मजदूरों ने अपनी मांग पत्र को कोलियरी के जीएम को देकर अविलंब समाधान करने की मांग किया है। मजदूरों का नेतृत्व कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से कोलियरी बंद है। कोलियरी में कोयला उत्पादन को 15 सौ असंगठित मजदूर कार्य करते थे। कोलियरी की खदान में जल रिसाव होने के चलते खदान को बंद कर दिया गया है। खदान बंद होने से असंगठित मजदूरों की आर्थिक हालात खराब हो गई है। पैसे के अभाव में मजदूरों को अपनी पुत्री की शादी करने में परेशानी हो रही है। ससमय बच्चों की पढ़ाई लिखाई तथा बीमार पड़ने पर इलाज कराने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि उसका पीएफ एकाउंट ऑनलाइन नहीं होने के चलते उसे पीएफ की राशि निकालने में दिक्कत हो रही है। बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ रहा है। मौके पर राजकुमार तिवारी, प्रदीप महतो, दसरथ प्रशाद, अमजद अंसारी, उपेंद्र प्रसाद आदि थे।

## एके राय की प्रतिमा स्थापित करने के लिए ट्रस्ट का हुआ गठन

**सिन्दरी (धनबाद)** : गैर भाजपा दलों द्वारा गठित संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने पूर्व सांसद एके राय के दर्शन को धरातल पर उतारने के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया गया। ट्रस्ट का नाम एके राय स्मारक समिति सिंदरी, धनबाद रखा गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो, संयोजक सुरेश प्रसाद, अजय कुमार, सत्येंद्र सिंह, कृष्णा प्रसाद महतो, गौतम प्रसाद,सूर्य कुमार सिंह, अशोक महतो, परशुराम सिंह, मुनेश्वर यादव तथा सुरेश राउत सदस्य बनाये गये। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि राय साहब के दर्शन को धरातल पर उतारने के लिए सिंदरी में उनकी प्रतिमा की स्थापना करना और सिंदरी की जनसमस्याओं के निदान के लिए आंदोलन का माध्यम बनाना जरुरी है। सीपीआईएम के काली सेन गुप्ता ने कहा राय दा की प्रतिमा की स्थापना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तन मन धन से आंदोलित होना जरुरी है। बैठक में आवास समस्या को लेकर 18 फरवरी को एच यू आर एल के मुख्य प्रवेश द्वार पर महाधरना देने का निर्णय लिया गया। इस महाधरना में विधायक चंद्रदेव महतो और संयुक्त संघर्ष मोर्चा के घटक दल शामिल होंगे। मौके पर मोर्चा के सदस्यों सहित राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, सहदेव सिंह, बिरंगी महतो, अमर सिंह, दशरथ ठाकुर, सागर मंडल थे।

## अग्नि प्रभावित रजवार बस्ती के लोगों ने पुनर्वास की मांग पर प्रबंधन से की वार्ता

**झरिया (धनबाद)** : बस्ताकोला क्षेत्र के अग्नि प्रवाहित रजवार बस्ती के रैयतो को जमीन के बदले नियोजन व पुनार्वास की मांग पर सोमवार को बस्ताकोला क्षेत्रिय कार्यालय में ग्रामीणों एवं प्रबंधन से वार्ता हुई। ग्रामीणों के ओर से जमसं बच्चा गुट के महासचिव अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा की ग्रामीणों के घर से गैस रिसाव हो रहा है। पुनार्वास के लिए कई ग्रामीणों का नाम सर्वे में छूट गया है जिसे प्रबंधन सर्वे सूची में समाहित करे। प्रबंधन जानबूझकर विवाद पैदा करना चाह रहा है, अगर ऐसी स्थिति बनी तो विवाद होने पर बीसीसीएल के पदाधिकारी को भी कोर्ट में जवाब देना होगा। वार्ता में बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा एवं एपीएम अभिषेक कुमार राय ने आगामी 17 फरवरी को दो पक्षिय वार्ता कर मामले का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

## अवैध कोयला कारोबार को लेकर दो गुटों मे मारपीट, चली गोलियां



**धनसार/धनबाद** : धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत हल्दी पट्टी बस्ती में कोयला का अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर दो गुटों मे मारपीट हो गई। सोमवार को हुई इस घटना में दो चक्र गोली चालन की भी बात सामने आई है। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने एक गूट के आकाश साव को हिरासत मे ले लिया।

**यह है मामला**

**हल्दी** पट्टी मे हाइवा से कोयला उतारकर बेचने का कारोबार में विकास नामक युवक का गुट करता है। अब दूसरे गुट के युवक भी इस धंधा में अपना पाव जमाना चाहते है। एक पक्ष के आकाश साव की मां सुशीला देवी का आरोप है कि उसका पुत्र आकाश चांदमारी कांटाघर के पास खड़ा था।तभी वहां हल्दी पट्टी ग्वाला पट्टी के विपिन यादव, राजु यादव, सुजीत यादव, कुंदन यादव, सूरज यादव और छोटू ओझा दो बाइक पर सवार होकर वहां आए और मारपीट करने लगे। यह देख मुहल्ले के लोग वहां पहुंच गए। इसके बाद छोटू ओझा अपने तीन साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर मेरे घर आया। आते ही उसने मुझपर पिस्टल तान दी। जब विरोध किया तो उसने हवाई फायरिंग कर दी। जब मुहल्ले के लोग वहां जुट इनलोगों को खदेड़ा तो वे लोग फायरिंग करते हुए भागने लगे।इस दौरान उसका पिस्टल भी गिर गया।जहां मेरे पुत्र आकाश ने पिस्टल उठा ली।इधर छोटू ओझा ने धनसार पुलिस को फोन कर बताया कि मुझपर ए लोग झुठा आरोप लगा रहे है। मैने कोई गोली नहीं चलाई है। आकाश ने ही पिस्टल चमकाई है।

**थाना प्रभारी का बयान**

दो पक्षों के बीच विवाद के बाद गोली चली है। एक खोखा बरामद किया गया है। दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की है। गोली किसने चलाई है इसकी जांच किया जा रहा है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कारवाई की जायेगी।

# श्री सत्यनारायण मंदिर झरिया में देवी देवताओं की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच सोमवार को श्री सत्यनारायण मंदिर लाल बाजार झरिया में देवी देवताओं की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सोमवार को संपन्न हुआ। विदित हो कि 6 फरवरी गुरुवार को पंचांग पूजन से मंदिर में पांच दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ था। अंतिम दिन सोमवार की सुबह अनुष्ठान की शुरूआत कलश शोभायात्रा से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। मंगल कलश लिए हुई थी, जबकि पुरुष हाथों में धर्म ध्वजा लिए थे। एक सजे सजाए वाहन पर देवी देवताओं की प्रतिमा तथा बेरीवाला माता की अखंड ज्योत सजाई गई थी। गाजा बाजा एवं भक्ति भाव पूर्ण माहौल में निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात पुनः श्री सत्यनारायण मंदिर लाल बाजार पहुंची, जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच देवी देवताओं की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पूरा किया गया। विद्वान आचार्य द्वारा किए गए मंत्र उच्चारण से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था।कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राम प्रसाद कटेसरिया, मनोज कटेसरिया, सज्जन खरकिया, मुरली पोद्दार, देवेंद्र खरकिया, हरिराम गुप्ता, श्रवन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगरिया, दीपक अग्रवाल, प्रमोद जलूका, अनूप लीलहा, अनिल केजरीवाल, संजय झुनझुनवाला, रामचंद्र अग्रवाल, अनिल खरकिया, अमित अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला शक्ति एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर छाता टोला में निकली भव्य कलश यात्रा



**निरसा (धनबाद)** : डुमरिया हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा सोमवार को निकाली गई। इस कलश यात्रा में 221 की संख्या में कन्याएं अपने सिर पर कलश लेकर दामोदर नदी से होते हुए छाता टोला डुमरिया हनुमान मंदिर के प्रांगण में जलभरनी कर एवं हनुमान जी को पूजा अर्चना किया। कलश लेकर नगर भ्रमण किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भजन में झूमते नाचते जा रहे थे ।इस आयोजन में छाता टोला के कमेटी एवं डुमरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मदन मोहन राय ने बताया की हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया गया, भक्तों ने बड़े ही धूम धाम से हनुमान जी का पूजा अर्चना किया और महा प्रसाद कि भी व्यवस्था की गई है। डुमरिया कलश यात्रा में भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें पूरे डुमरिया पंचायत के भक्त जन उपस्थित रहे।

## एक झलक

### शब-ए-बारात को लेकर लोगों ने की कब्रिस्तान की सफाई

**गुमला** : मुस्लिम समुदायों का त्योहार शब-ऐ-बरात को लेकर सिसई प्रखंड के लरंगो गांव मे मौजूद कब्रिस्तान का समुदाय के लोगो के द्वारा साफ-सफाई किया गया।शब ऐ बरात को मगफेरत या क्षमा की रात कहा जाता है। इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहो माफ कराने के लिए रात भर अल्लाह की इबादत करते है और कब्र मे जाकर मरहूम मरहूमातो के लिए दुवाए मगफेरत करते हैं।साथ ही अपने गुनाहो का अल्लाह से माफी मांगते हैं।इस रात अल्लाह गुनहगारो को माफ करते है।इस रोज कब्र को साफ सफाई किया जाता है।इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय अपने अपने घरो को साफ-सफाई करते है। अपने परिवार के साथ साथ देश दुनिया के लिए अमन चैन,खुशहाली व भाईचारगी के लिए दुआ करते हैं। मुस्लिम समुदाय बडे ही सादगी के साथ इस पर्व को मनाते हैं।

### ईवीएम वेयरहाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

**लातेहार** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक पहलुओं की गहन जांच की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों और तैनात सुरक्षा बलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा बलों को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की समेत अन्य निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### महीनों से चापानल खराब गर्मी में कैसे बुझेगी प्यास

**मनिका/लातेहार** : ये हाल कहीं और नहीं मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन कार्यालय एवं राज्य खाद्य निगम के गोदाम तथा मुख्य मंत्री दाल भात योजना केंद्र के पास स्थित चापानल का है जो महीनों से खराब पड़ा है जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस बाबत राज्य खाद्य निगम मनिका के गोदाम में कार्यरत मजदूरों तथा मुख्य मंत्री दाल भात योजना केंद्र के संचालक ने बताया कि पशु पालन कार्यालय,राज्य खाद्य निगम मनिका के गोदाम और दाल भात योजना केंद्र के करीब में एक मात्र यह चापानल है जो महीनों से खराब पड़ा है जिसके चलते इन कार्यालय में कार्यरत मजदूर सहित इन कार्यालयों में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सैकड़ों ग्रामीण लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है इधर अब मौसम में बदलाव आ रहा है ऐसे में गर्मी का प्रकोप जैसे जैसे बढ़ेगा वैसे वैसे लोगों को प्यास बुझने के लिए चापानल पर निर्भर होना पड़ेगा। इस चापानल पर निर्भर इन कार्यालयों में कार्यरत कर्मी, गोदाम में कार्यरत मजदूरों, मुख्य मंत्री दाल भात योजना केंद्र के संचालक सहित आस पास के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रखंड प्रशासन से इस चापानल को जल्द से जल्द दुरुस्त कराकर चालू करने की मांग किया है ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना न पड़े।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 03 घायल

**मनिका/लातेहार** : मनिका प्रखंड मुख्यालय के केडीएम मोड़ के समीप बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक फूलदेव यादव 56 वर्ष, प्रमावती देवी 50 वर्ष, अंकुश कुमार 2 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों घायलों का घर मनिका प्रखंड के औराटाड़ गांव का बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार डालटेनगंज की तरफ से आ रही थी जबकि बाइक औराटाड से मनिका की ओर आ रहा था तभी तेज गति से आ रही कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस टक्कर में, बाइक में सवार तीन लोगों को काफी गंभीर चोटे आई है। इसके बाद बाइक सवार तीनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा आज से शुरू


## कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झारखंड में आज से इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं शुरू, जिसे लेकर पलामू के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में एक दिन पहले ही आधा दर्जन कोचिंग संस्थानों की तलाशी ली गई। जांच अभियान के दौरान कोचिंग के कागजातों की जांच की गई है और संबंधित जानकारी जुटाई गई।हालांकि छापेमारी में कुछ बरामद नहीं हुआ है, लेकिन एहतियात बरती गई है।मैट्रिक इंटर की परीक्षा को लेकर पूरे पलामू में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।पलामू के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बताया कि मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई छात्र कदाचार करते पकड़ा गया तो संबंधित केंद्राधीक्षक पर भी कार्रवाई की जायेगी।इस संबंध में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।पलामू में 76 कॉलेजों में मैट्रिक और 40 कॉलेजों में इंटर की परीक्षा होनी है, जिसमें 67,262 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। मैट्रिक के 34,665 और इंटर के विभिन्न संकायों में 32,597 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। मैट्रिक इंटर की परीक्षा को लेकर उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता व गश्ती दल पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक कर कई बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की गई है। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर विभिन्न कोचिंग संस्थानों में छापेमारी की गयी है तथा कई बिंदुओं पर जांच की गयी है।

## मैट्रिक परीक्षा में 11,157 परीक्षार्थी व इंटर परीक्षा में 7,350 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**लातेहार** : जिले में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को कदाचारमुक्त और सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**परीक्षा की समय सारिणी**

**प्रथम** पाली में मैट्रिक परीक्षा सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी, जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संपन्न होगी। बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बैठक में सभी दंडाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पर्याप्त रोशनी, शौचालय, एवं पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा का संचालन किया जाएगा। प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दंडाधिकारी और पुलिस बल की होगी, जो निर्धारित समय पर अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से इन्हें प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की सख्ती से जांच की जाए और कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न लेकर जाए।

## चमरा लिंडा का लातेहार दौरा, नर्सिंग कॉलेज और ग्रामीण अस्पताल का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा का सोमवार को लातेहार



आगमन हुआ। इस अवसर पर जिले के वरीय अधिकारियों ने परिसदन में पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद राजहरा स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली और प्रशिक्षुओं के प्लेसमेंट की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा, मंत्री जनजातीय कल्याण ग्रामीण अस्पताल, मननचोटाग का भी दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और अन्य आवश्यक संसाधनों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## फाइलेरिया मुक्त अभियान की हुई शुरुआत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त गुमला एवं सिविल सर्जन गुमला ने सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफल शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एल्बेंडाजोल और डीईसी की गोली खाकर की। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को समाप्त करने के लिए इस दवा का सेवन आवश्यक है। जब तक सभी लोग इस दवा का सेवन नहीं करेंगे, तब तक समाज से फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि दिनांक 10 फरवरी को जिले के सभी 1673 बूथ पर दवा खिलाई जाएगी जिसे आंगनबाड़ी केंद्र बूथ के रूप में चिन्हित किए गए हैं। और 11 फरवरी से 25 फरवरी तक



घर-घर भ्रमण कर सहिया और आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन में दी जाने वाली डीईसी एवं एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। कुल लक्षित लाभार्थी 1014672 लोगों को दवा खिलाना है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन जिला प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। फाइलेरिया, जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है, मच्छर के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है। यह दुनिया में दिव्यांगता पैदा करने वाली दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जो न केवल हाथ-पैरों को बल्कि शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करती है। संक्रमण अक्सर बचपन में हो जाता है, लेकिन इसके लक्षण उभरने में 5 से 15 साल तक का समय लग सकता है।

## बनवारी साहू डिग्री कॉलेज में पीएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : स्थानीय बनवारी साहु डिग्री कॉलेज, लातेहार के परिसर में सोमवार को पीएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी-सह- सहायक शिक्षुता सलाहकार,प्राचार्य, बनवारी साहु डिग्री कॉलेज,प्रभारी प्राचार्य, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अप्रेंटिसशिप मेले में दो निजी नियोजक एवं टीपीए उपस्थित रहे। मेले में लगभग 100 युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिनमें से 38 अभ्यर्थियों का निबंधन किया गया। इस अवसर पर*बनवारी साहु डिग्री कॉलेज, लातेहार के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने आयोजन स्थल के रूप में उनके कॉलेज का चयन करने पर जिला नियोजन पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में



संतोष कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 के तहत 30 या उससे अधिक कर्मिय वाले निजी नियोजकों/कंपनियों के लिए 2.5 प्रतिशत से 15प्रतिशत तक अप्रेंटिसशिप में युवाओं को संलग्न करना अनिवार्य है।

### निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन की बड़ी का कार्रवाई हुई है। उपायुक्त-सह-पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निदेश पर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में छापेमारी की गई। छतरपुर के सरईडीह रोड में संचालित तीन संस्थान वर्मा हॉस्पीटल, माँ ललिता हॉस्पीटल एवं खुशी अल्ट्रासाउण्ड में छापेमारी में कई तथ्य उजागर हुए हैं। तीनों संस्थानों के संचालकों के विरूद्ध




उपाधीक्षक-सह-छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा शो-कॉज किया गया है। इन्हें 48 घंटे के अंदर विस्तृत स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया है। स्पष्टीकरण असंतोजनक/अप्राप्त रहने की स्थिति में कठोर कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जायेगा।छापेमारी-सह-औचक निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित छतरपुर के अंचल अधिकारी एवं उपाधीक्षक-सह- छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल रहे। *उपायुक्त शशि रंजन* के निदेश पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि पलामू वासियों को समयबद्धता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दिशा में प्रशासन निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं की जाये। जिले में बिना निबंधन एवं निबंधन वैद्यता समाप्त पाये जाने वाले हॉस्पीटल एवं अन्य संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**बिना वैध दस्तावेज तथा रजिस्टर्ड डॉक्टर के संचालित हो रहा था वर्मा हॉस्पीटल**

**वर्मा** हॉस्पीटल के छापेमारी-सह-औचक निरीक्षण में कई त्रुटियां पाई गई। अस्पताल का निबंधन वैद्यता समाप्त पाई गयी। वहीं अयोग्य व्यक्ति के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। बीडीएस डॉ0 सुनिल वर्मा(दांत के डॉक्टर) के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। वहीं ऑपरेशन के पूर्व मरीजों से लिए जाने वाले घोषणा पत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संधारण लगभग न के बराबर किया जा रहा था।

## सासंग गांव में अवैध कोयला उत्खनन पर छापेमारी, 05 मीट्रिक टन कोयला जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने सदर थाना क्षेत्र के सासंग गांव स्थित सुकरी नदी तटवर्ती इलाके में छापेमारी कर करीब 5 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया।

**गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई**

**जिला** खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सासंग गांव के पास सुकरी नदी क्षेत्र में अवैध कोयला



उत्खनन हो रहा है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें अवैध रूप से संचित कोयला जब्त किया गया।

**पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज**

**इस** अभियान के तहत अवैध उत्खनन में शामिल पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों की पहचान इस प्रकार है
साबिर खान (सासंग)
उमेश लोहरा (सासंग)
प्रभु सिंह (तुलबुल)
अबुजर मियां (कोढ़ास)
राजू वारिश मियां (कोढ़ास)

**कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

जिला खनन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन, उत्खनन और परिवहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में ऐसी कोई सूचना मिलती है, तो त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**अभियान में शामिल अधिकारी**

इस छापेमारी अभियान में खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार, थाना प्रभारी दुलार चौड़े, एसआई राहुल सिंह और थाना के जवान शामिल थे।

## वैष्णो दुर्गा मंदिर में 31वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित वैष्णो दुर्गा में 31वां वार्षिक उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सोमवार को भव्य कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के जयकारे लगाते हुए आस्था व्यक्त की। कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को विधिवत रूप से पूजित कर उन्हें वस्त्र और प्रसाद भेंट किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने कहा कि यह वार्षिक उत्सव श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। पूर्व मंत्री वैद्धनाथ राम ने इस आयोजन को सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का संगम बताया। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति समाज सेवा के कार्यों में भी योगदान देती रहेगी।

### जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस का किया आयोजन

## मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल विकार है : डॉ. ममता भूषण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिले के नगर भवन में आज अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस का आयोजन किया गया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), प्रखंड सहिया सहजकर्ता(बीएएफ) और सहिया साथी ने भाग लिया। कार्यालय का उद्घाटन एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी प्रोफेसर डॉ ममता भूषण सिंह, सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार, डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ ममता भूषण सिंह ने कहा कि मिर्गी



एक न्यूरोलाजिकल विकार है। जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह दौरे व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना पर प्रभाव डालते हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि इस बीमारी को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट आशा के तहत डॉ ममता भूषण सिंह स्वयं और उनके टीम द्वारा समय-समय पर जिले में जांच शिविर लगाया जाता रहा है। प्रभारी डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम ने कहा कि मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 फरबरी को प्रखंड कार्यालय के समीप पुराना समाहनालय भवन और 12 फरबरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो में शिविर लगाया जाएगा।

## नीलांबर-पीतांबर विवि के समक्ष पुतला दहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के समक्ष राज्य सरकार का पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। इस की अध्यक्षता विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने किया एवं इसका संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने किया ज्ञात हो की विश्वविद्यालय की स्थापना काल के बाद पहली बार विगत दस दिनों तक विश्वविद्यालय में कुलपति का नहीं होना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है, विश्वविद्यालय में कुलपति नहीं होने से छात्रों के बीच असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो गई है तथा छात्रों के बीच हाहाकार मचा हुआ है,छात्रों एवं शिक्षकों के कई कार्य लंबे समय से लंबित है,स्थाई कुलपति नहीं होने से छात्रों का सरल से सरल कार्य लंबित है एवं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश छात्रावास संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहां की वर्तमान राज्य सरकार की ढूंलमूल रवैया एवं शिक्षा का गिरता हुआ।


**AFFIDAVIT**

I. GITA KUMARI W/O Ashok Kimar Sharma, aged about 33 Resident of village Kothi, PO-Penk, PS. Penk Narayanpur, Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhaar card vide No. 4711 5182 5459 my name has been mentioned as GITA KUMARI, but in my Bank account of Bank of India, Branch Bokaro Thermal Power Station vide A/C No-479718210001699 my name has been mentioned as GITA DEVI.
3. That, GITA KUMARI and GITA DEVI both names are one and same person i.e. myself.
4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as GITA KUMARI in place of GITA DEVI
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.

**VERIFICATION**

I, GITA KUMARI do hereby declare that the above contents made in this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, belief and information. Verified and Signed at Tenughat on 24.01.2025


### सांस्कृतिक पाठशाला की 65वीं कड़ी में वैज्ञानिक चेतना का विस्तार, क्या और कैसे विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# वैज्ञानिक चेतना में होती है तार्किकता और जीवंतता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : संस्कृतिक पाठशाला की 65वीं कड़ी में इप्टा, ज्ञान विज्ञान समिति एवं भाभा साइंस स्टडी सेंटर के द्वारा संयुक्त रूप से वैज्ञानिक चेतना का विस्तार क्या और कैसे विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विज्ञान शिक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा एवं साहित्यकर्मी अरविंद कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्रेम प्रकाश ने तमाम उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आज की कार्यशाला में हम सभी मंथन करते हुए वैज्ञानिक चेतना को परिभाषित करेंगे। साथ ही इसके विस्तार के लिए कार्यक्रम और गतिविधियों को चिन्हित करेंगे। वैचारिक मंथन



की प्रक्रिया के दौरान वैज्ञानिक चेतना के प्रति समझ बनी कि वैज्ञानिक चेतना की उत्पत्ति मानव की उत्पत्ति के साथ हुआ है। यह एक सोच है जिसमें जीवंतता होती है। यह सोच मानवीय चेतना को प्रभावित नहीं करती है। इस सोच की पहचान है तार्किक होना। यह सोच समाज के विश्लेषण करने की क्षमता को विकसित करता है। वैज्ञानिक चेतना विकास की प्रक्रिया का एक हिस्सा है, जो रूढ़ियों को तोड़ता है। साथ ही गलत परंपरा का बहिष्कार करते हुए नई बातों को ग्रहण करता है। वैज्ञानिक चेतना कार्य कारण के नियम को विकसित करता है। यह शोध के परिणाम का प्रसारक होता है। वैज्ञानिक चेतना से लैस समाज अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए नयी बातों का स्वागत और समर्थन करता है। संपूर्णता में कहा जाए तो वैज्ञानिक चेतना तार्किक होती है और पूर्वाग्रह व अंधविश्वास से मुक्त होती है। वैज्ञानिक चेतना सिर्फ और सिर्फ विज्ञान से ही नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा है। वास्तविक विकास के लिए वैज्ञानिक चेतना जरूरी है। इस चेतना के विकास एवं विस्तार के लिए सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग करना होगा। स्कूलों में वैज्ञानिक चेतना पर आधारित निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजन कर वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं। पंकज श्रीवास्तव ने बृहद विज्ञान मेला के आयोजन का प्रस्ताव रखा। विचार मंथन प्रक्रिया के दौरान पंकज श्रीवास्तव, शिव शंकर प्रसाद, गोपाल सिंह, कुलदीप राम, गोविंद प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति, नितेश कुमार यादव ने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे शैलेंद्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यशाला के अंतिम चरण में शिक्षक गोविंद प्रसाद ने संस्कृतिक पाठशाला के पुस्तकालय को एपीजे अब्दुल कलाम के बचपन से संबंधित पुस्तक प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में संजीव कुमार संजू ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए करते हुए कार्यशाला का समापन किया।

## एक झलक

### ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल का एकदिवसीय सांकेतिक धरना सह काला दिवस

**साहिबगंज** : ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल, साहिबगंज के बैनर तले एकदिवसीय सांकेतिक धरना सह काला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त क्रू लॉबी, साहिबगंज स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया। रनिंग स्टाफ की मांग जो जेपीओ 13.11.24 को रेलवे बोर्ड द्वारा लाया गया था बताया गया कि वह ट्रेन मैनेजर के पद की गरिमा के अनुकूल था। वहीं इसमें संशोधन कर दिया गया और जीपीओ 24.1.2025 को लाया गया। जिसे ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने वापस लेने की मांग की। उनके प्रमुख मांगों में गाड़ी के हैंडब्रेक स्टेशन स्टाफ के द्वारा ही काम कराया जाना था। मौके पर गार्ड सदस्य अखिलेश कुमार, अग्नि देव रमन, गौतम कुमार, हितेश कुमार, शांति सिंह गुलशन यादव मौजूद रहे। तो वही लोको पायलट में के प्रभाकर, रवि रंजन, अमरजीत एवं गोपाल कुमार उपस्थित रहे।

### घर से भागी लड़की को आरपीएफ ने किया परिवार के हवाले

**कोडरमा** : कोडरमा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा को सूचना मिली कि एक लड़की गुमशुम अवस्था में स्टेशन पर देखी गई है इस पर सत्यापन हेतु कोडरमा स्टेशन में डयूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक/बशिष्ट नारायण यादव साथ आरक्षी/आनंद कुमार तथा महिला आरक्षी/किरण कुमारी सभी रेसुब पोस्ट कोडरमा के बल सदस्य प्लेटफार्म सं0-04,05 पर गश्त कर रहे थे जिन्हें निर्देशित किया गया। छानबीन के क्रम में प्लेटफार्म सं0-04,05 पर स्थित ठी्द ॠद्द के नीचे एक लड़की गुमशुम अवस्था में बैठी दिखाई दी। उसके पास जाकर उससे पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम व पता- छोटी कुमारी, उम्र-18 वर्ष, पिता- कालीचरण महतो, सा0-कल्याणपुर, पो0 सिंघाड़ी, थाना- हरिहर गोमो, जिला- धनबाद (झारखंड) की रहने वाली बताई। आगे पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि वह अपने घरवालों से झगड़ा करके भाग कर कोडरमा स्टेशन आ गई है। तत्पश्चात उस लड़की को समझा-बुझा कर रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया तथा महिला आरक्षी/किरण कुमारी के संरक्षण में रखा गया और इसकी सूचना उक्त लड़की के द्वारा बताए गये मोबाईल नंबर पर उसके परिवार वालों को दी गई। उनके द्वारा बोला गया कि आप मेरी बच्ची को अपने पास रखे मै आकर ले जाऊंगा।

### डोमचांच बाजार में बम विस्फोट से हड़कंप

**डोमचांच** : डोमचांच बाजार रोड में रविवार बीती रात करीब 8 बजे कुछ अज्ञात लोगों द्वारा बम फेंका गया. जिसमें एक गाय बुरी तरह से घायल हो गई है मौके पर दो जिन्दा बम पुलिस ने बरामद किया, वहीं बाजार में हड़कंप ओर सनसनी फैल गई। बता दें कि सरस्वती पूजा के समय दो पक्षों में कहासुनी हुई थी उसी को लेकर एक पक्ष बाजार में आकर गाली गलौज और डोमचांच बाजार को श्मशान बनाने की धमकी दिया था। वहीं बाजार का एक युवक घायल है। वहीं बाजार के लोगों ने अपराधी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए।

### एमडीए कार्यक्रम का शुभारम्भ

**साहिबगंज** : आज अटल मोहल्ला क्लीनिक, नया टोला में सेंट जेवियर स्कूल, साहिबगंज के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल ने साहिबगंज शहरी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार के साथ दीप प्रज्वलित कर एमडीए कार्यक्रम का शुरूआत की। वहीं सेंट जेवियर स्कूल के प्रिंसिपल ने स्वास्थ्य कर्मी के साथ दवा खाकर बच्चों को दवा लेने के लिए प्रेरित किया।

---

### उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया शुभारम्भ, डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा का लेने की अपील की

# फाइलेरिया के विरुद्ध जन-जन की सहभागिता करें सुनिश्चित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा समाहरणालय परिसर से किया गया। इस मौके पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी समेत जिला के पदाधिकारियों ने दवा का सेवन कर सभी से अपने बूथ पर जाकर तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम के घर आकर दवा उपलब्ध कराने पर दवा का सेवन करने की अपील किया। गौरतलब है




कि जिला के चार सामुदायिक केंद्रों, कोडरमा (शहरी एवं ग्रामीण), जयनगर, मरकच्चो, सतगावां जिनका द्रू१ङ्घ"१४ फंद्दी (टा फंद्दी) 01 से अधिक है, में फाइलेरिया रोधी मास ड्रग एडिमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान के तहत नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग सभी विभागों के सहयोग से अभियान को संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंडों में दवा की उपलब्ध करा दी गई है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि अभियान के तहत 10 फरवरी को चिन्हित बूथ में आमजनों को दवा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं 11 से 25 फरवरी स्वास्थ्य (आशा) कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। उन्होने जिला से फाइलेरिया के समूल उन्मूलन के लिए व्यापक जन सहभागिता की अपील किया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। इसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है।10 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक इसकी दवाइयां विभिन्न बूथों में खिलाई जाएगी। ये दवाई उम्र के हिसाब से खिलाई जाती है। 11 फरवरी से यह सभी दवाइयां घर-घर जाकर सभी लोगों को खिलाई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से भी अपील किया कि खुद भी डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन करें तथा अपने माता-पिता समेत अन्य परिजनों, मित्रों, पड़ोसियों को भी दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। फाइलेरिया उन्मूलन के विरुद्ध इस अभियान में जन जन की सहभागिता सुनिश्चित किया जा सके। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है, शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। अधिक से अधिक लोगों को दवा का सेवन कराने के लिए जागरूक करें। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के सभी लोगों से दवा लेने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि दो साल से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति इस दवा का सेवन नहीं करेंगे। अन्य सभी वर्गों के लिए इस दवा का सेवन अनिवार्य किया गया है, जिससे फाइलेरिया जैसी घातक एवं लाइलाज बीमारी को समाप्त किया जा सके।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-13-2025, दिनांक: 10.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडीह/बड़हरवा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझड़ी क्वैरी साइडिंग पर 50 मिमी. आकार के 107745 घन मीटर मशीन चूर्ण कड़े स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा रेलवे वैगनों/हॉपरों में लदायी (माप गंतव्य पर लिया जायेगा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 15,73,05,545.10। **जमा बयाना राशि:** ₹ 9,36,500। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1119)**

## क्राइम कंट्रोल करने में डोमचांच पुलिस लापरवाह थाना प्रभारी से नही संभल रहा इलाका : रामधन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : क्राइम कंट्रोल करने में डोमचांच पुलिस लापरवाह है।पुलिस की लापरवाही की वजह से जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। लाइन आर्डर व्यवस्थित रखने के मामले में थाना प्रभारी असक्षम साबित हो रहें है। डोमचांच थाना प्रभारी से इलाका संभल नही रहा है। जिसकी वजह से छोटे छोटे विवाद भी विकराल रूप धारण कर रही है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उक्त बातें जिला परिषद चेयरमैन सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही।उन्होंने कहा कि डोमचांच में किसी भी कीमत पर शांति व्यवस्था बिगड़ने नही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध करने



वाला कोई भी सख्स हो, उसे बख्सा नही जाना चाहिए,उसकी जगह जेल है। श्री यादव ने कहा कि थाना प्रभारी ने सरस्वती पूजा के दौरान छोटे छोटे विवाद को सुलझाने में कोई खास दिलचस्पी नही ली, जिसके कारण कई घटनाओं में मामूली विवाद हिंसक और सुनियोजित अपराध का रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि डोमचांच बाजार में देशी बमबारी की घटना शर्मनाक घटना है और इस घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्थर-क्रशर व्यवसाय इलाके में क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस की सक्रिय भूमिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डोमचांच थाना प्रभारी को अविलंब हटाने की जरूरत है। जनता में थाना प्रभारी के ढुलमुल रवैया को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि डोमचांच इलाके में क्राइम कंट्रोल और बेहतर पुलिसिंग के लिए जुझारू और जनता के हित मे अपराधियो पर लगाम लगाने वाला थाना प्रभारी को पदस्थापित किया जाए, ताकि जनता में पुलिस को लेकर विश्वाश कायम हो सके।

## राजकीय माघी पूर्णिमा मेला में पहली बार श्रद्धालुओं को मिला तोहफा

**साहिबगंज** : राजकीय माघी पूर्णिमा मेला को लेकर क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के माध्यम से मालदा रेल मंडल प्रबंधक को पत्र देकर मांग किया



गया था कि मेला अवधि में मार्ग से गुजरने वाले सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर किया जाए। विधायक की इस मांग पत्र पर पहल करते हुए राजमहल आदिवासी महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने बड़ा तोहफा दिया है। मालदा मंडल द्वारा तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर इस रूट से गुजरने वाले कई ट्रेनों का अस्थायी ठहराव कर दिया गया है। यह ठहराव सोमवार 10 फरवरी से 15 फरवरी तक होगा। जिसकी समय सीमा दो मिनट की होगी। जिसमे 15657/15658 दिल्ली कामाख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 13415/13416 मालदा टाउन पटना मालदा टाउन एक्सप्रेस, 15647/15648 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गुवाहाटी-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस और 13429 मालदा टाउन आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस जैसी ट्रेन शामिल है।

**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh**
(District Development Section)

**शुद्धि पत्र**

रामगढ़ जिलान्तर्गत कुल 65 संवेदनशील स्थानों पर सी०सी०टी०वी० कैमरे का अधिष्ठापन हेतु एजेंसी चयन के निमित दिनांक 21.01.2025 को Short Notice for Inviting Tender का प्रकाशन किया गया था जिसका PR 344835 District (24-25) है एवं दिनांक 01.02.2025 द्वारा उक्त निविदा को जमा करने की तिथि 11.02.2025 तक करन संबंधित Corrigendum का प्रकाशन किया गया है।

उक्त प्रकाशित निविदा (PR 344835) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
उपायुक्त
रामगढ़।

PR 346183 (District) 24-25 (D)

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफल आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के तत्वावधान में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के द्वितीय दिन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, रिसोर्स पर्सन डॉ दीपक कुमार एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। रिसोर्स पर्सन डॉ दीपक कुमार, प्राचार्य, कैम्ब्रिज शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा द्वारा प्रकरण भारतीय शिक्षा प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में गहन विचार रखते हुए प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर विशेष गति दी साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवाचारों एवं महत्वों से अवगत कराया।

## द आरवीएस में हुआ सत्र का आखिरी पीटीएम बच्चों के विकास से अभिभावक दिखे संतुष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : द रामेश्वर वैली स्कूल में सत्र 2024-2025 का आखिरी पैरेंट्स टीचर मीट हुआ सम्पन्न। बैठक में शिक्षकों ने



अभिभावकों के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हमारे विद्यालय में वार्षिक परीक्षा के लगभग 1 महीने पहले ही सिलेबस को संपूर्ण कर रिवीजन वर्क चलाया जाएगा।जो बच्चों के अच्छे रिजल्ट को सुनिश्चित करेगी। क्लास के दौरान अगर कहीं कोई टॉपिक छूट गई हो तो रिवीजन क्लास में बच्चों को एक मौका मिलता है कि उस टॉपिक पर वह दोबारा अध्यन कर अपना शैक्षणिक विकाश कर पाए। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के सभी अभिभावक शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके एवं उनकी कार्यशैली तथा विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही नई शिक्षा नीति के तहत सुविधा स्मार्ट क्लासेस, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद की सुविधा इंटर स्कूल कंपटीशन, राइफल शूटिंग, डांस कंपटीशन के साथ-साथ लीड के द्वारा एकेडमिक में जो बच्चों में सुधार आई है और अब इंग्लिश को एक भाषा के तौर पर इतने अच्छे तरीके से समझते हुए विद्यालय और घर में भाषा के रूप में इस्तेमाल भी करते हैं इस चीज से अभिभावक काफी खुश है।

**AFFIDAVIT**

I, URMILA DEVI W/O Kailash Kumar, aged about 25 years by Caste-Kurmi Mahto, by faith Hindu, by occupation Agriculture, resident of village-Govindpur Khurd, P.Q.-Govindpur Kala, P.S.-Bishnugarh, Dist-Hazaribag (Jharkhand) Naihar villege-Kothi. P.O.-Penk, P.S.-Penk Narayanpur, Dist-Bokaro, (Jh) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my Aadhar No is-4920 4500 9647.
3. That, I am Known by Three names viz (1) URMILA DEVI W/O Kailash Kumar (2) URMILA DEVI D/O Nandlal Mahto (3) URMILA KUMARI D/O Nandlal Mahto.
4. That, aforementioned Three names represent to one and same person i.e. Myself.
5. That, my name and Address as URMILA DEVI W/O Kailash Kumar village-Govindpur Khurd, P.O.-Govindpur Kala, P.S. Bishnugarh, Dist-Hazaribag (Jharkhand) is mentioned in my said Aadhar Card.
6. That, my name and Address as URMILA KUMARI D/O Nandlal Mahto villege-Kothi, P.O.-Penk, P.S.-Penk Narayanpur, Dist-Bokaro (Jh) mentioned in my Bank Passbook of Bank of india Branch Bokaro Thermal, Dist-Bokaro 47971011018539. vide A/C No.-
7. That, my name is mentioned as URMILA DEVI D/O Nandlal Mahto in my PAN CARD vide PAN NO. JCPPD9188A.
8.That, I want to do KYC with my said Bank Passbook.
9. That, I am swearing this affidavit for needful purpose.
10. That, the above contents of this affidavit are true and correct, if any statement or content found false or contrary then I shall be liable to punishment.

**VERIFICATION**

I, URMILA DEVI, do hereby deciare that the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief. Verified and signed this day at Bokaro 16.12.2024.
7560
16.12.2024

**कार्यालय**
**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा**

पत्रांक................./सिमडेगा, दिनांक......................../

**सूचना (PR344600)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा संख्या–105 दिनांक 17.01.25 के द्वारा सदर अस्पताल, सिमडेगा के लिये **CR & DR Machine** के क्रय हेतु प्रकाशित निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 05.02.25 के अपराह्न 03:00 बजे तक निर्धारित की गई थी, जिसे दिनांक 05.02.25 के अपराह्न 04:00 बजे खोला जाना था।

अतः अपरिहार्य कारणों से प्रकाशित निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 13.02.25 के अपराह्न 03:00 बजे तक निर्धारित की जाती है, प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक 13.02.25 के अपराह्न 04:00 बजे खोला जाएगा।

उक्त प्रकाशित निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
PR.NO.346142 Simdega(24-25):D मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।

## राज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण डीवीसी डैम तिलैया ले जाया गया। शनिवार को स्कूल के बच्चों ने जानकारी इकट्ठा करने के साथ खुब मस्ती तथा लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। स्कूली बच्चों को शैक्षनिक भ्रमण के लिए प्रबंधन समिति द्वारा तिलैया के डीवीसी डैम ले जाया गया था। जहां पर बच्चों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद के साथ मछली पालन को देखा। भ्रमण में स्कूल के करीब एक सौ बच्चे शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल-कूद करने साथ डीजे की धून पर खूब डांस किया। मौके पर शिक्षक



मोहम्मद इकबाल ने डीवीसी बांध के बारे में जानकारी दी तथा बताया की दामोदर घाटी निगम (Damodar Valley Corporation DVC) भारत का बहूद्देश्यीय नदी घाटी परियोजना है। निगम ७ जुलाई १९४८ को स्वतंत्र भारत की प्रथम बहूद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में, अस्तित्व आया। यह नदी घाटी परियोजना झारखंड में बनाई गई। दामोदर नदी झारखंड की प्रमुख नदी है और तिलैया बांध, झारखंड के कोडरमा ज़िले में बराकर नदी पर बना है। यह बांध, दामोदर घाटी निगम द्वारा बनाया गया था. यह बांध, बाढ़ को रोकने के साथ-साथ बिजली उत्पादन का भी काम करता है। तिलैया बांध, पंडित जवाहर लाल नेहरू की ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक था। इसका उद्घाटन 21 फरवरी, 1953 को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था। और तिलैया बांध के बारे में कुछ खास बातों की जानकारी दी : उन्होंने बताया कि यह बांध, 1,200 फीट लंबा और 99 फीट ऊंचा है। यह बांध, 36 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह बांध, भारत का पहला बांध है जो आजादी के बाद बना था। यह बांध, बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया था इस बांध पर हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर स्टेशन है जो 4 मेगावाट बिजली पैदा करता है इसके साथ बताया कि बच्चों को बताया कि भ्रमण का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। बच्चों को बताया गया कि पर्यावरण जितना हरा-भरा रहेगा, हम सभी उतने ही स्वस्थ रहेंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Re-Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-23/2024-25**

**Letter no - 154** **Date:- 10.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Lundi Ahar, Village- Nawada, Panchayat- Kansar, Block- Katkamsandi, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 39,40,000.00** |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 24.02.2025 at 3:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 05.03.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 07.03.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:-** 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/ Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag**

PR 346233 Minor Irrigation (24-25)_D

### मुकेश सोनी गोली कांड का खुलासा, पेशेवर अपराधियों ने पुरानी रंजिश में दिया था अंजाम

# आधा दर्जन मामलों में फरार अपराधी प्रिंस यादव गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : विगत 14 जनवरी को शहर के बाजार टांड़ ईलाके में घटित मुकेश सोनी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। मामले में एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित सदर थाना की स्पेशल टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल पेशेवर अपराधी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को धर दबोचा है। साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी मेड पिस्टल व टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल समेत मोबाइल फोन भी जब्त किया है। हालांकि घटना में शामिल दो



अन्य अपराधी अभी भी पुलिस के पहुंच से दूर हैं। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर सभी संभावित ठिकानों पर पुलिस निरंतर छापेमारी अभियान चला रही है।

**स्पेशल टीम ने किया खुलासा**

**समाहरणालय** स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि विगत 14 जनवरी की शाम मुकेश सोनी के घर के पास मोटरसाइकिल सवार हथियार बंद अपराधकर्मियों के द्वारा गोलीबारी की गई थी। इस फायरिंग की घटना में मुकेश सोनी को गोली लगी थी। जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया था। एसपी ने बताया कि इस मामले में घायल मुकेश सोनी की मां के लिखित आवेदन पर सदर थाना में चार नामजद एवं दो अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई थी। इसके बाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर कांड के उद्भेदन एवं इसमें शामिल अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी को ले स्पेशल टीम का गठन किया गया था। स्पेशल टीम ने ही गुप्त सूचना के आधार पर शहर के दीभा मोहल्ला इलाके से घटना के मुख्य अभियुक्त प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त काला रंग का टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल एवं देशी मेड पिस्टल के अलावे मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –16/2024–25**
**(DMFT Head)**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–21.02.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–22.02.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–22.02.2025 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डुमरी प्रखण्ड के आँगनबाड़ी केन्द्र औरापाट में जलापूर्ति कार्य | 4,26,572.00 | 9,000.00 | 750.00 | 45 Days |

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
गुमला

PR 346189 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

## एक झलक

### गो वंशीय पशुओं से लदी ट्रक जब्त

**खूंटी** : तोरपा थाना की पुलिस ने सोमवार को फिर गोवंशीय मवेशियों से लदे एक ट्रक( सीजी 04एमपी 4783) को जब्त कर 31 मवेशियों को मुक्त कराया। इस मामले में पुलिस ने चार मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रांची के पंडरा निवासी अशोक प्रसाद, सिसई निवासी इनुस भंडारी, शमशाद साह, अफरोज फंडारी शामिल हैं। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक पर गोवंशीय पशु को लादकर कुछ तस्कर सिमडेगा की ओर से रांची तरफ जा रहे हैं। त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। तड़के लगभग तीन बजे एक ट्रक आता हुआ दिखा। पुलिस वालों ने उसे रुकने का इशारा किया, पर चालक और तेजी सें ट्रक को भगाने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कर्रा मोड़ के पास ट्रक को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसमें 31 गाय–बैल लदे पाये गये। पकड़े गये तस्करों ने बताया कि वे मवेशियों को कटबुल बहार ओडिशा से लेकर सिल्ली जा रहे थे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व शनिवार को भी तोरपा थाना की पुलिस ने एक टैंपू पर लदे छह गो वंशीय मवेशियों को मुक्त कराया था और चार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### रंगारंग महिला छौ नृत्य के साथ गंगा मेला सम्पन्न

- **फुटबॉल में सीएम स्पोर्टिंग काशीडीह बनी विजेता**

**बुंडू** : बुंडू के सुमानडीह में आयोजित दिवा –रात्रि गंगा मेला रात्रि में मनमोहक महिला छौ नृत्य की प्रस्तुति के साथ संपन्न हो गया। मेले में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का फाइनल खेल सीएम स्पोर्टिंग काशीडीह और राज सपोर्टिंग बुंडू के बीच खेला गया जिसमें सीएम एलेवेन काशीडीह विजेता बना। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए एवं रनर रही राज सपोर्टिंग बुंडू को एक लाख रुपए एवं रनिंग ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। तीसरे और चौथे स्थान पर मरांग गोमके खुंटी एवं एफसी सृष्टि सपोर्टिंग की टीम रही। दोनों टीमों को नगद तीस हजार रुपए देकर प्रोत्साहित किया गया। मेले के आयोजन में सुमानडीह युवा संघ की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### पुलिस ने 139 एकड़ भूमि में लगी अफीम की फसल नष्ट की

**बुंडू** : वरीय पुलिस अधीक्षक राँची एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, राँची के निदेर्शानुसार बुण्डू, तमाड़, दशमफॉल, राहे एवं सोनाहातु थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध सोमवार को भी छापामारी अभियान चलाई गई।बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश के अनुसार बुण्डू थाना क्षेत्र के बारूहातु, अरार्डीह एवं तिरूलडीह गांव में 40 एकड़ तमाड़ थाना क्षेत्र में 71एकड़, दशमफॉल थाना क्षेत्र में18 एकड़,राहे थाना क्षेत्र में 07 एकड़ एवं सोनाहातु थाना क्षेत्र में 03 एकड़ भूमि पर कुल 139 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर एवं ग्रासकटर से नष्ट की गई।

### सील यात्रा में पूर्वोत्तर के प्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

**रांची** : अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन राष्ट्रीय एकात्मता, सील को लेकर सोमवार को रांची के मैत्री सभागार, आर्ट्स ब्लॉक महिला महाविद्यालय में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एसएन पाठक एवं मुख्य वक्ता के रूप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, सरला बिरला विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल गोपाल पाठक,रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने की।
इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक ने कहा कि अंतर–राज्य छात्र जीवन दर्शन की 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को अलग–अलग क्षेत्रों के बारे में प्राप्त हो रही जानकारियों से वे खुद तो समृद्ध होंगे। साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों के विकास की दिशा में ये अनुभव दूरगामी सिद्ध होंगे। एक वर्ष के अंतराल पर भारत के विभिन्न राज्यों के युवाओं की पूर्वोत्तर आने वाली यात्रा इसी प्रकार पूर्वोत्तर की समृद्ध संस्कृति तथा विरासत से सीधे जुड़ाव का अवसर देती है। पूर्वोत्तर के प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के माध्यम से प्रतिदिन नए सकारात्मक अनुभव प्राप्त हो रहे हैं। हाई कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एसएन पाठक ने कहा कि 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के द्वारा पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को झारखंड राज्य के रांची से प्रत्यक्ष परिचय करने तथा सकारात्मक मूल्यों को आत्मसात करने का यह अवसर निश्चित ही उन्हें जीवन में आगे बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

## राष्ट्रपति के रांची दौरे के दौरान रहेगी चाक-चौबंद व्यवस्था

# मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जायेंगी। इस दौरान वह बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उनके रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक-दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने आबाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये। वहीं, एयरपोर्ट के निदेशक को हवाईअड्डा पर वीआईपी लाउंज को व्यवस्थित रखने को कहा। इस दौरान राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग व्यवस्था के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान स्वागत के लिए बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, कारकेड, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन और आवासन की व्यवस्था, विद्युत और ध्वनि विस्तारक की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल और आवासन स्थल पर मेडिकल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन मार्ग को दुरुस्त करना सहित कई अन्य जरूरी व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

## समेकित कृषि के माध्यम से समूह की दीदियों के आजीविका संवर्धन पर हुई चर्चा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नगड़ी प्रखंड के सभागार मे एक दिवसीय IFC उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी, सुश्री दीपाली भगत, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख मधुवा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधान सभा संजय सरेया, सांसद प्रतिनिधि (रांची लोक सभा क्षेत्र), केदार महतो, पंचायत समिति सदस्य दुर्गी तिर्की , मनरेगा BPO अनुजा कुमारी एवं पलाश JSLPS BPM सुखदेव लोहरा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सुखदेव लोहरा के द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की नगड़ी प्रखंड मे कुल तीन समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है। समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है।

# राहे की अंचलाधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली** : सिल्ली थाना में 10 फरवरी को अवैध खनन और पत्थर भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सिल्ली थाना में दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, राहें अंचल अधिकारी जया शंखी मुरमु अपने अंचल कर्मियों के साथ माघ मेले की तैयारी को लेकर सरकारी वाहन से बंसीया पंचायत जा रही थीं। इसी दौरान, ग्राम बुंदीयारो पंचायत के बसंतपुर रास्ते में बड़े पैमाने पर अवैध पत्थर खनन और भंडारण पाया गया। ग्राम बुंदीयारो में चौडाई 23.298 और चौड़ाई 85.675 पर लगभग 3000 साइज पत्थर का अवैध खनन पाया गया। मौके पर 1 लोहे का संबल, 1 हाथ हथौड़ा, 200 ग्राम बारूद, 6 रॉड, 3 छैनी, 1 कुदाल और 4 जिलेटिन छड़ भी बरामद हुए। ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पता चला कि यह अवैध खनन पशुपति अहीर (उम्र 42-45 वर्ष, पिता गोलकनाथ अहीर, ग्राम बुंदीयारो,सिल्ली) द्वारा किया जा रहा था। प्रशासन ने अवैध खनन को सरकारी राजस्व की क्षति मानते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

दूसरा मामला: अवैध पत्थर भंडारण

इसी क्षेत्र में कुछ ही दूरी पर latitude 23.299 AüSX longitude 85.671 पर 10,000 साइज पत्थर अवैध रूप से भंडारित पाए गए। जांच में यह खुलासा हुआ कि इस भंडारण के पीछे विशेशर अहीर (उम्र 40-45 वर्ष, पिता गोलकनाथ अहीर, ग्राम बुंदीयारो, सिल्ली) का हाथ है। प्रशासन का मानना है कि इन पत्थरों को चोरी-छिपे अन्यत्र भेजने की योजना थी, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा था।
सिल्ली थाना प्रभारी और पंचायत मुखिया लक्ष्मीकांत मुंडा की उपस्थिति में जब्ती की कार्रवाई पूरी की गई। राहे अंचल अधिकारी ने निर्देश दिया कि जब्त किए गए पत्थरों को सरकारी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा जाए और आरोपियों के खिलाफ अवैध भंडारण और राजस्व हानि के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# चकमें मदरसा में जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : सोमवार को चकमें मदरसा में जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन,विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर मंच के उद्घाटन कर किया गया।मौके पर वक्ताओं ने चकमें मदरसा की उपलब्धियों और इसके संचालन में हो रही कठिनाइयों से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को अवगत कराया।मंच को संबोधित करते हुए हफीजुल हसन ने कहा की आज आधुनिकता की होड़ में समाज के युवा दीनी तालीम से दूर हो रहे हैं यह उचित नहीं है।उन्होंने कहा की इस्लाम तलवार नहीं व्यवहार से फैला है और जिसके दिल में कुरान और हाथ में संविधान हो उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।उन्होंने शिक्षित व विकसित समाज के निर्माण की अहमियत को बताते हुए कहा की मदरसा चलाना आसान नहीं है,मदरसे दीन को कायम करने का दरवाजा है।उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल में रिकार्ड 35000 कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराने की बात कहते हुए कहा की भाजपा सरकार ने रैयती जमीन में स्थित कब्रिस्तानों की घेराबंदी को बंद कर दिया था जिसे हम पुनः चालू कराने वाले हैं।इसके साथ मौलानाओं को पेंशन देने की योजना बताया। कुरान हिज्ब करने वालों की दस्तारबंदी रात भर चलनेवाले कार्यक्रम में पिछले छह महीने में कुरान हिज्ब करनेवाले दस छात्रों की दस्तारबंदी किया गया। इन छात्रों को हाफिज की उपाधि सौंपी जायेगी।कार्यक्रम में मदरसा को जमीन दान देनेवालों, मदरसा संचालक को सम्मानित किया गया।संचालन प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर शमीम बाड़े हार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक सुरेश कुमार बैठा, पूर्व जिप सदस्य कांके हाकिम अंसारी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, मौलाना साबिर, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हर-देव साहू, झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, मोहित खान, नुरूल होता खान, नयुम अंसारी, अमनराज, सज्जाद अहमद, जाकिर अंसारी, इदरिश अंसारी,तस्लीम अंसारी, सजिबूल अंसारी समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी वैन के माध्यम से अफीम की खेती के विरुद्ध चला जन जागरूकता अभियान




- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी नशा एवं अफीम की खेती के दुष्परिणाम की जानकारी
- 112 पर दें अफीम की खेती की जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार जिला के विभिन्न स्थानों में लगातार नुक्कड नाटक एवं एलईडी वैन के माध्यम से अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नामकुम थाना अंतर्गत बूटियो गांव में जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची से संबंद्ध कला दलों द्वारा नाटक का मंचन कर लोगों को नशा एवं अफीम की खेती के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को बताया गया कि कहीं भी मादक पदार्थ अथवा अफीम की खेती की जानकारी मिले तो टोल फ्री नंबर 112 पर इसकी सूचना दें, जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

# श्री सीमेंट ने पटना में बांगुर मार्बल सीमेंट लॉन्च करके संधारणीय निर्माण को बढ़ाया आगे




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पटना** : संधारणीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, श्री सीमेंट ने पटना, बिहार में बांगुर मार्बल सीमेंट लॉन्च किया है। उच्च चमक, बेहतर मजबूती और दरार प्रतिरोध के लिए डिजाइन किया गया यह पर्यावरण के अनुकूल ढरउ सीमेंट, टिकाऊपन को बढ़ाते हुए पर्यावरण के लिए हानिकारक प्रभाव को कम करने के लिए स्टील निर्माण के उप-उत्पाद ॠह्मह्र को एकीकृत करता है। झारखंड के रांची में अपनी शुरूआत के बाद, बांगुर मार्बल सीमेंट बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 2,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं तक पहुँचने के लिए तैयार है। श्री सीमेंट डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण के माध्यम से उत्पाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें उपभोक्ताओं को इसके लाभों के बारे में शिक्षित करने के लिए इन-स्टोर प्रदर्शन शामिल हैं। श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी ने कंपनी की संधारणीयता दृष्टि पर जोर देते हुए कहा, ??बांगुर मार्बल सीमेंट जिम्मेदार निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। संधारणीय सामग्रियों को एकीकृत करके, हम बेहतर गुणवत्ता प्रदान करते हुए दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित कर रहे हैं।?? बांगुर मार्बल सीमेंट की स्थिरता संबंधी विशेषताएं इसे बिल्डरों, सरकारी परियोजनाओं और पुनरुद्धार प्रयासों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती हैं, जो दीर्घकालिक संरचनात्मक लचीलेपन का समर्थन करती हैं।

## पुष्पा ने की दो-दो शादियां, लेकिन जिंदगी में नहीं मिली खुशी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी, सौदागर मोहल्ला में फांसी के फंदे पर झूलने वाली पुष्पा शुक्ला की जिंदगी में कभी खुशी नहीं आई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली पुष्पा ने 30 वर्ष की उम्र में ही दो-दो शादियां कर ली थी। दोनों शादियों से उसने खुशी के पल गुजरने की ख्वाहिश रखी। लेकिन उसकी यह ख्वाहिश पूरी नहीं हो पाई। पुलिस की जांच में यह बात स्पष्ट हुआ है कि पुष्पा ने दो बार शादी की। पहली बार जब उसने शादी की तो उसका पति विनोद उसके साथ रहा। कई वर्षों तक साथ रहने के बाद उन दोनों के बीच के संबंध बेहतर नहीं बन सके। पुष्पा और विनोद के झगड़े ने ऐसा रूप लिया कि दोनों बंधन से आजाद हो गए। पुष्पा की लाश के पास जो आधार कार्ड मिला है, उसमें अभी भी पति के रूप में विनोद का ही नाम है। रामगढ़ में श्रीनिवास चौधरी के घर में कुंदन जब रहने आया था, तो उसने पुष्पा को अपनी पत्नी के रूप में ही परिचित कराया था। विनोद को छोड़कर पुष्पा ने दूसरी शादी बड़कागांव निवासी कुंदन शुक्ला के साथ की। कुंदन के साथ भी वह कई साल तक रही। रामगढ़ भी वह कुंदन के साथ ही आई थी। एलएंडटी कंपनी में काम करने वाला कुंदन भी पुष्पा को वह खुशी नहीं दे पाया, जिसके लिए पुष्पा ने अपने पहले पति को छोड़ा था। अपनी सात वर्षीय बच्ची के साथ पुष्पा का संघर्ष जारी रहा। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि जिंदगी से हताश होकर पुष्पा ने खुदकुशी की है। लेकिन यह हत्या है या खुदकुशी पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि अभी भी पुष्पा की कहानी स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ पाई है। पिछले चार दिनों से परिवार वालों के इंतजार में उसकी लाश रामगढ़ के मोर्चरी में पड़ी हुई है। पुलिस भी अब दंडाधिकारी नियुक्त कर उसका पोस्टमार्टम कराने में जुट गई है।

# झारखंड एनएसयूआई राज्य उपाध्यक्ष ने उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को दिया लिखित ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को झारखंड एनएसयूआई राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार को लिखित ज्ञापन दिया। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया की वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय द्वारा नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया संचालित है और अभ्यर्थियों का शैक्षणिक दस्तावेज सत्यापन किया जा रहा है। इस नियुक्ति में यूजीसी की अहर्ता सम्बन्धी नियमावली का अक्षरसः अनुसरण किया जा रहा है जबकि यूजीसी ने स्वयं ही राज्य सरकार एवं राज्य विश्वविद्यालयों से कहा है कि अपने राज्य में संचालित विश्विद्यालय में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति हेतु राज्य लोक सेवा आयोग नियुक्ति नियमावली बना सकती है और इसी नियमावली से नियुक्ति की जानी चाहिए। इसके तहत झारखंड लोक सेवा आयोग ने नियुक्ति नियमावली बनाई और अनुसरण हेतु राज्य सरकार को भेज दिया। चूकि वर्तमान में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद रिक्त है, कई पदाधिकारी का भी पद रिक्त है और स्थाई नियुक्ति नहीं हो रही है इसलिए सरकार को अनुबंध आधारित नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति करनी पड़ रही है लेकिन झारखंड का ब्यूरोक्रेसी स्थानीय आदिवासी एवं मूलवासी की भावनाओं को दरकिनार कर जेपीएससी द्वारा निर्मित नियमावली को नहीं मानकर यूजीसी की नियमावली के तहत अनुबंध आधारित नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति राज्य के 8 विश्वविद्यालय में कर रही है। रांची विश्वविद्यालय की बात करें तो केवल इस विश्वविद्यालय में यूजीसी की इस नियमावली से 97% अभ्यर्थी राज्य से बाहर के हैं जिनका शैक्षणिक दस्तावेज का सत्यापन किया जा रहा है। इस नियुक्ति में झारखंड के आदिवासी मूलवासी अभ्यर्थी बाहर हो जा रहे हैं, जिसकी चिंता रांची विश्विद्यालय परिसर में बैठे उच्च पदाधिकारियों को नहीं है ।

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा आज से शुरू

**सिल्ली** : मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा मुरी सिल्ली में मंगलवार से शुरू होगी। मैट्रिक में छात्र-छात्राएं 1910 एवं इंटर में 1008 परीक्षा देंगे। सिल्ली मुरी क्षेत्र में मैट्रिक में परीक्षा केंद्र की संख्या चार और इंटर परीक्षा केंद्र तीन बनाया गया है। परीक्षा केंद्र हिंडालको स्कूल, आरटीसी स्कूल, उसुलाईन हिंदी मीडियम स्कूल, एस एस प्लस टू स्कूल और इंटर में प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, एस एस प्लस टू , हिंडालको आदि केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनका समय सारणी मैट्रिक 9.45 से 1.00 बजे इंटर दोपहर 2.00 से 5.15 तक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता सत्यापन कार्य को लेकर बैठक हुई सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : सोमवार को हाथीमारा स्थित भाजपा रामगढ़ जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सक्रिय सदस्यता आवेदन पत्र का सत्यापन कार्य हेतु एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। प्रदेश द्वारा अधिकृत जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता जाँच एवं सत्यापन उप समिति के संयोजक प्रेम मित्तल एवं सदस्य द्वय प्रो. संजय प्रसाद सिंह एवं प्रो. खिरोधर साहु विशेष रूप से उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता का सत्यापन का कार्य प्रदेश द्वारा निर्देशित करणीय कार्य के अंतर्गत किया गया। सत्यापन कार्य समिति द्वारा सत्यापन आवेदन पत्र का सत्यापन कर अनुमोदन हेतु प्रदेश में जमा कराया गया। जिला सदस्यता संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि सदस्यता महापर्व के प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्य अभियान को 22 दिसम्बर से 10 फरवरी 2025 तक गति दी गई। वहीं दूसरे चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान जो 12 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुआ और आज सत्यापन कार्य सम्पन्न होने के साथ ही आगे के संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया का कार्य शुरू होगा। प्रारंभिक करणीय कार्य में बुथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, सहसंयोजक, मंडल अध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा। बैठक में जिला सदस्यता अभियान संयोजक राजू कुशवाहा, सहसंयोजक विजय जायसवाल, जिला मंत्री संजीव कुमार बबला, जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, अशोक कुमार, नरेश साव, ऋषिकेश सिंह, कुणाल दास, मिथिलेश मण्डल सहित मंडल अध्यक्ष मंडल सदस्यता संयोजक सहित सह संयोजक गण थे।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट

# ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार होता है : कमिश्नर मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान पर सोमवार को जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, विशिष्ट अतिथि कांके विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बबुवा मुंडा को अंग वस्त्र व मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व



क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच ईरबा टीम बनाम उलातू टीम के बीच खेला गया। ईरबा की टीम ने 6 विकेट से मैच जीता। वहीं दूसरा मैच अताउल्लाह ब्रदर्स की टीम बनाम बड़गाई एलवन की टीम के बीच खेला गया। जिसमें अताउल्लाह ब्रदर्स की टीम ने 4विकेट से जीता। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अथिति ओरमांझी पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुण्डा , विशिष्ट अतिथि बबुवा मुंडा, अध्यक्ष मुबारक अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, यूनुस अंसारी,सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। हेंदेबिल्ली पंचायत की मुखिया दशमी मिंज तारालाल यादव, अध्यक्ष मुबारक अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को सदैव किसानों के लाभ के लिए तत्पर रहना चाहिए : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि किसी भी कृषि विश्वविद्यालय अथवा कृषि अनुसंधान केंद्र का दायित्व है कि वे किसानों के हित की सोचें। वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को सदैव किसानों के लाभ के लिए तत्पर तथा सक्रिय रहना चाहिए। कहा गया है कि अन्नदाता सुखी भवः। इसलिए जब अन्नदाता सुखी होंगे, तभी हम सभी भी सुखी रह सकेंगे। राज्यपाल सोमवार को रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है और कृषि उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि वे किसानों की कठिनाइयों और चुनौतियों से भली-भांति अवगत हैं। वह अथक परिश्रम करते हैं, लेकिन कई बार उन्हें उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जो हम सभी के लिए चिंता का विषय है। किसानों को उनकी फसल एवं उपज का उचित मूल्य मिले और उनकी आय में वृद्धि हो, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें एक-फसली तक सीमित न रहकर बहुफसली खेती की ओर ध्यान देना होगा।

## एक झलक

### झारखंड योग टीम केरल रवाना




**रांची** : केरल में आगामी 13 से 16 फरवरी तक आयोजित 49वी राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 34 सदस्यीय दल सोमवार को धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस से केरल के लिए रवाना हुई। झारखंड टीम के साथ प्रशिक्षक के रूप में जमशेदपुर के सपन कुमार साह एवं रांची के राहुल पोद्दार तथा टीम के मैनेजर अमरेंद्र कुमार विकल भी केरल रवाना हुए। सभी खिलाड़ियों को संघ के संजय कुमार झा, पंकज प्रसाद, रजनी बक्शी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हुए केरल के लिए रवाना किया। झारखंड योग टीम के महिला वर्ग में नंदनी कुमारी, पलक जायसवाल, निशा रजवार, नीलांजना, रिंकी महतो, सरिता कुमारी, सुरभी सिंह, सीमा कुमारी, सृष्टि जैन, आरती देवी, चित्रा साहा, सोनाली मंडल, दीप्ति महतो, रेणु कुमारी, राखी सिन्हा शामिल है। वहीं पुरुष वर्ग में मोहित कुमार, रोहित कुमार पंडित, अभिषेक राम, आशीष रंजन, विशाल कुमार सोनी, निशांत कुमार, विनीत सिंह, विक्रम कुमार, शत्रुंजय कुमार, विनय पंडित, अभिषेक कुमार सिंह, डॉक्टर अभिषेक महेश्वरी, रविंद्र कुमार सुमन, चंदन कुमार सिंह, अजीत कुमार, देवीलाल महतो टीम में शामिल है।

### डब्ल्यूपीसी में फिर से टाइटल फोल्डर बने रांची के अभिषेक सोनी



**रांची** : झारखंड के कोडरमा जिले में आयोजित डब्लूपीसी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रांची के अभिषेक सोनी(डब्लू) बेंच प्रेस प्रतियोगिता में टाइटल होल्डर बने हैं अभिषेक सोनी 2025 में धनबाद के कोल्यांचल पॉवर्लिफ्टिंग मे भी उन्होंने टाइटल का खिताब जीता और कोडरमा मे बेंच प्रेस स्पृधा मे 82.5 बॉडी वेट में 160 केजी बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट और ओवर आल मे टाइटल होल्डर विजेता बने उनके साथ साथ राज चौधरी राज कुमार शिवा कुमार भी ब्रॉनज मेडल विजेता बने।

### सूर्यकुमार की नकल करते नजर आये विराट

**कटक** : भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करते हुए रन बनाने में असफल रहे। विराट इस मैच में केवल पांच रन ही बना पाये। इसके बाद भी मैच के दौरान सूर्यकुमार यादव की नकल का उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर पसंद किया जा रहा है। जब भारतीय टीम इस मैच में 305 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा कर रही थी। उसी दौरान विराट ने ह्यच्यूइंग गमह्न चबाना शुरू कर दिया। इसके बाद वह अचानक ही भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की नकल उतारने लगे। वह इस दौरान कुछ बोल भी रहे थे पर वह साफ समझ नहीं आ रहा था। उन्हें देखकर शुभमन गिल सहित अन्य खिलाड़ी हंसने लगे। सूर्यकुमार को टीम का च्यूइंग गम मैन कहा जाता है। वह हमेशा च्यूइंग गम चबाते दिखते हैं। फिर चाहे वह बैटिंग कर रहे हो, फील्डिंग कर रहे हो या फिर डगआउट में अपनी बारी का इंतजार। सूर्या केवल टी-20 प्रारुप खेलते हैं। एकदिवसीय में उनकी जगह अभी तक पक्की नहीं हुई है।

### बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय बरकरार

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलना अभी तय नहीं है। बुमराह को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। उसके बाद से ही वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी बुमराह को लेकर जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती है।

ट्राई सीरीज दूसरा वनडे

# साउथ अफ्रीका ने 304 रन बनाये

## मैथ्यू ब्रीट्जके का शतक, न्यूजीलैंड से हेनरी-ओरूर्के को 2-2 विकेट

एजेंसी

**लाहौर** : चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का दूसरा मुकाबला आज साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 305 रन का टारगेट दिया है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में कीवी टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 304 रन बनाए। टीम के लिए वनडे डेब्यू करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके ने शतक (150 रन) लगाया। वियान मुल्डर ने 64 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी और विल ओरूर्के ने 2-2 विकेट लिए।

**मैथ्यू ब्रीट्जके ने 150 रन की पारी खेली**

साउथ अफ्रीका के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके ने 148 बॉल पर 150 रन की पारी खेली। उनके अलावा मुल्डर ने 60 बॉल पर 64 रन बनाए। जेसन स्मिथ ने 41 और तेम्बा बवुमा ने 20 रन बनाए। चौथे विकेट के लिए ब्रीट्जके और मुल्डर के बीच 114 बॉल पर 131 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी और विल ओरूर्के के अलावा माइकल ब्रेसवेल को 1 विकेट मिला। वहीं, जेसन स्मिथ रन आउट हुए।




**न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 78 रन से जीता**

सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को खेला गया था। मुकाबले में न्यूजीलैंड ने होम टीम को 78 रन के बड़े अतर से हराया था। लाहौर में न्यूजीलैंड ने बैटिंग चुनी। ग्लेन फिलिप्स की सेंचुरी के दम पर टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 330 रन बना दिए। जवाब में पाकिस्तान 47.5 ओवर में 252 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट लिए। पाकिस्तान से फखर जमान ने तेजी से 84 रन बनाए, लेकिन उन्हें बाकी बैटर्स का साथ नहीं मिला।

## पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 सम्पन्न

# एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 पर कुंदी की टीम ने जमाया कब्जा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में सोमवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का खिताब कुंदी एलेवन की टीम ने 25 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 70 रन ही बना पायी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम मात्र 45 रन पर ही सिमट गयी। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, बंझिला पंचायत की मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. मिस्टर, जेवियर खलखो, मो. शाकिब, गोपी नायक ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों और समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया। इससे पहले सोमवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल गोपी एलेवन और कुंदी एलेवन के बीच खेला गया। इसमें कुंदी की टीम तीन रन जीतकर फाइनल में पहुंच गयी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंदी की टीम 95 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में गोपी एलेवन की टीम 92 रन पर सिमट गयी। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल सोसई आश्रम और बुढ़मू एलेवन के बीच खेला गया। इसमें बुढ़मू की टीम आठ विकेट से जीत कर फाइनल में पहुंची। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 45 बन पर ही सिमट गयी। इसके जवाब में बुढ़मू की टीम दो विकेट पर ही 46 रन बना कर फाइनल में पहुंच गयी। विजेती टीम कुंदी को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने 50 हजार नगद व बड़ा ट्राफी और उप विजेता बुढ़मू की टीम को मुखिया सोहंती एक्का, तबारक खान, मो. रशीद, मो. खालिद ने 30 हजार नगद व बड़ा ट्राफी देकर सम्मानित किया। साथ ही, तीसरे स्थान पर रही सोसई आश्रम की टीम को कांग्रेस के अमित खलखो, मो. राजा 55 सौ नगद व ट्रॉफी और चौथे स्थान पर रही गोपी एलेवन की टीम को जेवियर खलको, मो. शाकिब, वसीम खान, नेसार खान ने पांच हजार नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कुंदी की टीम के मिठू को तबारक खान ने मैन ऑफ द मैच और गोपी एलेवन के राहुल को मो. शाकिब ने मैच ऑफ द सीरीज का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच के अम्पायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे। पूरे टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के सचिव मो. शाकिब उर्फ छोटू के अलावा जेवियर खलको, लखो खलखो, नेसार खान, मुकेश खलखो, मो. आरिफ, मो. रशीद, विनोद खलखो, मो. मिनहाज सहित कई स्थानीय ग्रामीणों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।



## सीके नायडू अंडर-23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# आर्यन हुड्डा के शतक से झारखंड मजबूती की ओर, झारखंड पहली पारी 4/324

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : कानपुर के ग्रीन पार्क में चल रहे सीके नायडू अंडर- 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामिट के तहत झारखंड की टीम उत्तर प्रदेश के खिलाफ मजबूत स्थिति की ओर अग्रसर है । चार दिवसीय क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने चार विकेट पर 324 रन बना लिए थे। आर्यन हुड्डा ने 161 रन बनाकर अपने टीम को मजबूती प्रदान की । उसने कुल 23 चौके लगाए। रोबिन मिंज भी 35 रन बनाकर नाबाद रहे। हुड्डा के अलावा सत्य सेतु ने भी छह चौके की मदद से 76 रन बनाकर अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाने में मदद की। उसने कुल छह चौके लगाए। आर्यन और सत्य सेतु ने दूसरे विकेट की साझेदारी में 178 रनों की साझेदारी निभाई। रजनदीप सिंह ने दो छक्के व चार चौके की मदद से 33 रन बनाए।



# में झारखंड महिला हॉकी टीम ने चौथे मैच में मिजोरम को 4-3 से पराजित, सेमीफाइनल में पंहुची

■ झारखंड टीम 04 लीग मैच में से तीन में जीत दर्ज कर तथा एक में ड्रॉ रह कर अपने पूल में टॉप स्थान पर पहुंची

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देवभूमि हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम का आज अपने चौथे मैच में हॉकी मिजोरम को 4-3 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। आज के मैच में मध्यांतर तक झारखंड टीम 1-0 से पीछे चल रही थी ,परंतु मध्यांतर के बाद आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लगातार चार गोल कर मैच वापसी करने के साथ 4-1 की बढ़त ले ली परंतु अंतिम क्वार्टर में मिजोरम और दो गोल कर तहलका मचा दी परंतु झारखंड टीम अपने अनुभव का लाभ लेते हुए मिजोरम की अग्रिम लाइन को बांध कर रख दिया और मैच अपने नाम कर ली। इस मैच में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो, सजना होरो, रोशनी आइनद और डिप्टी टोप्पो ने एक एक गोल की। इससे पूर्व झारखंड टीम अपने दूसरे मैच में हॉकी मणिपुर को 7-0 से , पहले मैच में मेजबान उत्तराखंड को झारखंड टीम 2-0 से पराजित कर चुकी है जबकि तीसरा मैच महाराष्ट्र के खिलाफ ड्रॉ रहा था।




# एलएंडटी मुंबई ओपन 2025 : जिल टेचमैन ने एकल खिताब जीता

एजेंसी

**मुंबई** : जिल टेचमैन ने रविवार रात मनंचया सवांगकेव को 6-3, 6-4 से हराकर प्रतिष्ठित एलएंडटी मुंबई ओपन 2025 डब्ल्यूटीए 125 सीरीज एकल खिताब अपने नाम कर लिया। पूर्व विश्व नंबर-21 ने अपना शानदार क्लास दिखाया और मैच पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में आयोजित इस इवेंट के तौर पर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली। इस जीत के साथ ही, टेचमैन ने शीर्ष 100 डब्ल्यूटीए रैंकिंग में भी वापसी कर ली है। दूसरी ओर, युगल फाइनल में, रूस की अमीना अंशबा और एलेना प्रिडांकिना ने प्रार्थना थोम्बारे और एरियन हाटोनी को रोमांचक 7-6(4), 2-6, 10-7 मैच में हराकर खिताबी जीत हासिल की। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 डॉलर का इनाम जीता, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 डॉलर का इनाम जीता। तरोताजा होकर आईं टेचमैन और सवांगकेव ने पहले सेट के शुरूआती तीन गेम में एक दूसरे के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और टेनिस का शानदार खेल दिखाया। टेचमैन सेट में 2-1 से आगे चल रही थीं, जिसके बाद उन्होंने अपने लाभ के लिए गति का इस्तेमाल किया और लगातार चार गेम जीत लिए। सवांगकेव के अथक प्रयासों और कोर्ट में तेजी से आगे बढ़ने के बावजूद, वह अपने प्रतिद्वंद्वी के शॉट्स में बदलाव की गति से मेल नहीं खा सकीं। सवांगकेव ने अंत में दो गेम जीतकर वापसी करने की कोशिश की, हालांकि, टेचमैन ने पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। टेचमैन ने दूसरे सेट का पहला गेम जीता, लेकिन सवांगकेव ने पीछे हटने से इनकार कर दिया और स्कोर 1-1 कर दिया।




# स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए भारत पहुंचीं



एजेंसी

**भुवनेश्वर** : स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें सोमवार को एक साथ ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। दोनों टीमें यहां होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए आई हैं। पुरुष टीम पहले मेजबान भारत और फिर इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले खेलेंगी। इसी तरह महिला टीम को जर्मनी और भारत के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। स्पेन की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने भारत में खेलने के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा, हम बहुत उत्साहित हैं। हम चार खेलों के लिए ऑस्ट्रेलिया में थे, लेकिन हमें सुधार करने की आवश्यकता है, इसलिए मैं यहां और अधिक मैच जीतने की उम्मीद कर रहा हूं। उन्होंने कहा, हमें यहां भारत में खेलना हमेशा पसंद है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम प्रशंसकों से भरा रहता है।



स्वर्ण विजेता कोरियाई खिलाड़ी चो मिन जियांग रजत और कांस्य विजेता के साथ नजर आयीं।

# पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज ने जीत से की शुरुआत

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 4-2 से हराकर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट में विजयी शुरूआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ कॉलेजेस प्रो. बालाराम पाणि और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने किया। इस अवसर पर श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. रबि नारायण कर ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया और खेलों को बढ़ावा देने का भरोसा दिलाया। प्रवीण बने 'प्लेयर ऑफ द मैच-श्याम लाल कॉलेज के लिए प्रवीण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। ललित और मोहित ने भी एक-एक गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पराजित टीम के लिए पुलकित ने दो गोल किए।



# मीडिया कप क्रिकेट : सुशील सिंह के ऑलराउंड प्रदर्शन से अमानत ने गंगा की बाधा पार की

एजेंसी

**रांची** : रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के चौथे दिन जेके क्रिकेट मैदान में दो लीग मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में अमानत ने गंगा को 70 रनों से हराया। इस मुकाबले में अमानत टीम से सुशील कुमार सिंह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में दामोदर ने अजय को 45 रनों से पराजित किया। इस सत्र का पहला शतक जड़ने वाले दामोदर टीम के बासुदेव मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 103 रनों की नाबाद शानदार पारी खेली।

**अमानत की लगातार दूसरी जीत**

पहले मुकाबले में अमानत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए (188/3) रन बनाए। अमानत के कप्तान ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 65 रन और गेंदबाजी में 2 विकेट लिए। टीम के समीर सृजन ने ताबड़तोड़ 54 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गंगा टीम (118/9) रन ही बना सकी। गंगा की ओर से रियाज ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। अमानत की ओर से असगर ने 3 विकेट लिए

**दामोदर की जीत का खाता खुला, अजय की लगातार दूसरी हार**

दिन का दूसरा मुकाबला अजय और दामोदर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दामोदर ने (188/2) रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से बासुदेव में 57 गेंदों में 103 रन बनाए। श्रवण ने 38 रनों की पारी खेल उनका साथ दिया। दूसरी पारी में अजय (143/7) ही बना सकी। अजय की ओर से अशोक गोप ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। दामोदर के श्रवण और राजेश ने 2- 2 विकेट लिए। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वर्ल्ड हरमू रोड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी) रहे।






## एक झलक

### भारत 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है, अर्जेंटीना नया आपूर्तिकर्ता: हरदीप पुरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत अपनी मांग को पूरा करने के लिए सभी संभावित स्रोतों से कच्चे तेल का आयात करने के लिए तैयार है। उन?होंने कहा कि भारत ने अपने कच्चे तेल के आयात को 27 से बढ़ा कर 40 देशों में कर दिया है। केंद्रीय मंत्री पेट्रोलियम मंत्री ने भारत ऊर्जा सप्ताह से एक दिन पहले यहां मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने अपने कच्चे तेल का आयात 27 से बढ़ाकर 40 देशों में कर दिया है। उन्होंने कहा, ₹27 आपूर्तिकर्ताओं में से हमारे पास अब 40 आपूर्तिकर्ता हैं। हमने एक और देश अर्जेंटीना को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, रूस, सऊदी अरब, यूएई और इराक भारत को कच्चे तेल के बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। उन्होंने कहा, ₹यह बहुत ही गतिशील स्थिति है, लेकिन हम सभी स्रोतों से आयात के लिए तैयार हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की 80 फीसदी से अधिक आवश्यकता के लिए आयात पर निर्भर है। घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने और आयात को कम करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। पुरी ने 11 से 14 फरवरी, 2025 तक नई दिल?ली द्वारका के यशोभूमि में आयोजित होने वाले ह्लभारत ऊर्जा सप्ताह 2025 से पहले वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऊर्जा कैलेंडर पर पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन और वर्ष का सबसे व्यापक एवं समावेशी ऊर्जा समागम होगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि 1 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला आईईडब्ल्यू 25 मंत्रिस्तरीय और सीईओ की भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों की संख्या के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऊर्जा कार्यक्रम होगा।

### ईएफटीए से 100 अरब डॉलर से 500 अरब डॉलर तक निवेश लाने में मदद मिलेगी: गोयल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि मुक्त व्यापार समझौते के तहत यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) की तरफ से 100 अरब डॉलर की एफडीआई प्रतिबद्धता से भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र में 400-500 अरब डॉलर के निवेश प्रस्तावों को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) इस साल के अंत तक लागू किया जाएगा। गोयल ने ईएफटीए के लिए समर्पित डेस्क के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर स्विट्जरलैंड की आर्थिक सचिव हेलेन बुडलिगर आर्टिडा, नॉर्वे के व्यापार एवं उद्योग सचिव टॉमस नॉर्वल, आइसलैंड के स्थायी सचिव मार्टिन इजॉफसन और लीश्टेंटाइन के विदेश मंत्री डोमिनिक हस्लर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि समूह के चारों सदस्य देशों में इस समझौते की पुष्टि के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, हमें उम्मीद है कि इस साल के उत्तरार्ध में टीईपीए लागू हो जायेगा। गोयल ने कहा कि ईएफटीए डेस्क भारत में कारोबार बढ़ाने की इच्छुक ईएफटीए कंपनियों के लिए एक केंद्रीकृत समर्थन तंत्र के रूप में कार्य करेगा। यह डेस्क बाजार की अंतर्दृष्टि एवं नियामकीय मार्गदर्शन, कारोबार मिलान और भारत की नीति एवं निवेश परिदृश्य को समझने में मदद करेगा।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 548 अंक लुढ़का

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक व्यापार को लेकर चिंताओं ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया, जिसके कारण लगातार शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। इस तरह सेंसेक्स 5 फरवरी से 1,272 अंक और निफ्टी 357 अंक तक लुढ़क चुका है।



सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 548.39 यानी 0.70 फीसदी की गिरावट के साथ 77,311.80 पर बंद हुआ है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 की गिरावट के साथ 23,381.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 शेयरों में गिरावट और 6 शेयरों में तेजी रही है, जबकि निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में गिरावट रही। वहीं, बैंक निफ्टी के 12 में से 11 शेयरों में गिरावट रही। कारोबार के अंत में एनर्जी, आईटी और मेटल के शेयरों में ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा टाटा स्टील और पावरग्रिड के शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स मुख?य रूप से नुकसान में रहे, जबकि लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बावजूद शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 197.97 अंक यानी 0.25 फीसदी टूटकर 77,860.19 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 43.40 अंक यानी 0.18 फीसदी फिसलकर 23,559.95 पर बंद हुआ था।

# वी ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी कर बैगेज प्रोटेक्शन की देगा सुविधा

**रांची :** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने सभी पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स में बैगेज प्रोटेक्शन सर्विसेज शामिल कर अपनी इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश को और बेहतर बना लिया है। यूएस आधारित प्रमुख लॉस्ट बैगेज कंसीयज सर्विस ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी के माध्यम से वी के पोस्टपेट उपभोक्ता प्रति बैग पर रु 19800 का मुआवजा पा सकते हैं, अगर शिकायत दर्ज करने के 96 घण्टे बाद भी उन्हें लगेज उन्हें नहीं मिलता है या खो जाता है। बहुत से यात्रियों के लिए बैगेज खो जाना या देर से मिलना, तनावपूर्ण अनुभव होता है, ऐसे में उनकी यात्रा का पूरा मजा खराब हो जाता है। 2024 की सीआईटीए रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 36 मिलियन से अधिक बैग्स सही तरीके से हैंडल नहीं किए गए, जो बैगेज की सुरक्षा के बारे में बढ़ती चिंता को दशार्ता है। महामारी के बाद विदेश जाने वाले भारतीय यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है, ऐसे में बैगेज के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है। वी के द्वारा पेश की गई बैगेज प्रोटेक्शन सर्विस बैगेज मिलने में देरी या बैगेज खो जाने के मामले में उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करती है, और उनकी यात्रा के अनुभव को चिंतामुक्त बना देती है। वी के पोस्टपेड उपभोक्ता कोई भी इंटरनेशनल रोमिंग पैक खरीदते समय बैगेज प्रोटेक्शन सर्विस को एक्टिवेट कर सकते हैं। यह फायदा ऑप्शनल है और मात्र रु 99 की अतिरिक्त लागत पर इसे पैक के साथ एक्टिवेट किया जा सकता है। अगर बैगेज खो जाये या बैगेज मिलने में देरी हो तो वी ऐप के जरिए क्लेम रिक्वेस्ट कर सकते हैं। इस सर्विस का लाभ उठाने के लिए उन्हें उड़ान से पहले ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ रजिस्टर करना होगा। अगर एयरलाईन की ओर से बैगेज मिलने में देरी होती है या बैगेज खो जाता है, तो वे लैंडिंग के 24 घण्टे के भीतर एयरलाईन और ब्लू रिब्बन बैग्स दोनों को रिपोर्ट कर सकते हैं।

# भारत निवेश और व्यापार सुविधा को बढ़ावा देने के लिए 'ईएफटीए डेस्क' की करेगा स्थापना

**नयी दिल्ली :** भारत यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ व्यापार, निवेश और व्यवसाय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंच 'ईएफटीए डेस्क' की स्थापित कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ईएफटीए ब्लॉक के साथ मिलकर सोमवार को भारत मंडपम में इसका उद्घाटन करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ईएफटीए ब्लॉक के साथ नई दिल्ली के भारत मंडपम में ईएफटीए डेस्क का उद्घाटन करेंगे। ईएफटीए ब्लॉक का प्रतिनिधित्व स्विस स्टेट सेक्रेटरी हेलेन बुडलिगर आर्टिडा, नॉर्वे के व्यापार एवं उद्योग राज्य सचिव टॉमस नोरवोल, आइसलैंड के स्थायी सचिव मार्टिन आइजोलफसन, लिकटेंस्टीन के विदेश, शिक्षा एवं

Government of India
Ministry of Commerce and Industry
Department of Commerce

खेल मंत्री डॉमिनिक हस्लर, ईएफटीए सचिवालय के उप महासचिव मार्कस श्लेगनहोफ और ईएफटीए सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी डेविड स्वेनभॉर्नसन करेंगे। भारत और ईएफटीए देशों की 100 से अधिक कंपनियां बिजनेस राउंडटेबल में भाग लेंगी। भारत-ईएफटीए समर्पित डेस्क भारत में विस्तार करने की इच्छुक ईएफटीए कंपनियों के लिए एक केंद्रीकृत सहायता व्यस्था के रूप में कार्य करेगा। यह बाजार की जानकारी और विनियामक मार्गदर्शन, व्यापार मिलान और भारत की नीति और निवेश परिदृश्य को समझने में सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और वाणिज्य विभाग (डीओसी) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे और ईएफटीए देशों के साथ मजबूत आर्थिक भागीदारी के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और चार यूरोपीय देशों के ईएफटीए ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 मार्च, 2024 को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है, जिसके इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

## 1.88 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गयी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 1.88 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी का पता लगाया है। लोकसभा में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच आईटीसी धोखाधड़ी के 72,393 मामलों सहित केन्द्रीय जीएसटी अधिकारियों ने 1.88 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की जीएसटी चोरी पकड़ी, जिसमें 132 गिरफ्तारियां हुईं और 20,128 करोड़ रुपये की वसूली की गई। उन्होंने सदन को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सीजीएसटी अधिकारियों ने 20,582 मामलों में 2.30 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। इस दौरान 31,758 करोड़ रुपये की वसूली की गई और 223 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# सोने के नीलामी नियमों के उल्लंघन पर बैंकों व एनबीएफसी पर होगी कार्रवाई: वित्तमंत्री

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि यदि कोई उधारकर्ता सोने का लोन चुकाने में विफल रहता है और बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जायेगी। वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के लिए भी इसी तरह के नियम लागू होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के बढ़ते स्वर्ण भंडार, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक



(आरबीआई) के पास मौजूद भंडार भी शामिल हैं, इसका उद्देश्य किसी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा को प्रतिस्थापित करना नहीं है। लोकसभा में उन्होंने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी की इस चिंता का भी जवाब दिया कि क्या सोने की ओर वैश्विक रुझान प्रमुख निपटान तंत्र के रूप में अमेरिकी डॉलर से दूर जाने का संकेत है। सीतारमण ने कहा, सोना रिजर्व बैंक में भी रखा जाता है और सोना रिजर्व बैंक द्वारा खरीदा भी जाता है लेकिन इसके अलावा, जहां तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा या संभावित मुद्रा का सवाल है, इस समय मेरे पास टिप्पणी करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। वित्त मंत्री सीतारमण डीएमके सदस्य कनिमोझी करुणानिधि और कांग्रेस के मनीष तिवारी के सवालों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा था कि जब कोई संस्था स्वर्ण ऋण की अदायगी में चूक करती है तो सोने की नीलामी की जाती है। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में सोने की मांग कम नहीं हुई है, बल्कि इसके विपरीत इसमें बढ़ोतरी हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक खाताधारकों को यह बताने के लिए पर्याप्त संख्या में नोटिस देने की एक प्रक्रिया है कि उनकी सेवा ठीक नहीं है।

## टाटा एआईजी का नया 'विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज' कम्पैन शुरू

TATA AIG INSURANCE
WITH YOU ALWAYS

**रांची :** भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन शुरू किया है- 'विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज', हर परिवार में एक दूसरे के प्रति प्यार और देखभाल की भावना होती है, अक्सर बिना कुछ बोले एक दूसरे का अटूट साथ देता है परिवार, बहुत अच्छे से खयाल रखता है। इस अनकहे लेकिन गहराई से महसूस किए जाने वाले प्यार को इस कैम्पेन में दशार्या गया है। यह कैम्पेन जोर देता है कि चाहे कुछ भी हो जाए, आपकी जिन्दगी में हर कदम पर आपके प्रियजन हमेशा आपका साथ देंगे। इसी मुद्दे को जिन्दगी के अलग-अलग चरणों में दर्शाने के लिए 'पिता' और 'पुत्र' के रिश्ते का इस्तेमाल किया गया है, एक ऐसा रिश्ता जिसके बारे में बहुत कम बोला और कहा जाता है। टीबीडब्ल्यूए द्वारा विकसित, कैम्पेन फिल्म में जिन्दगी के अलग-अलग चरणों में पिता और पुत्र के बीच के अलग-अलग किस्से दिखाए गए हैं। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे समय के साथ देखभाल और जिम्मेदारी कैसे विकसित होती है। फिल्म की शुरूआत होती है, एक पिता अपने छोटे बेटे को सुरक्षापूर्ण आलिंगन दे रहे हैं, यह सीन दिखाता है कि पिता बिना कुछ बोले जिन्दगी भर के लिए बेटे को समर्थन देते रहेंगे। जैसे-जैसे बेटा बड़ा होता है, पिता उसके साथ खड़े रहते है-बेटे को शिक्षा में मार्गदर्शन करते है, और उसके करियर का समर्थन करते है। समय के साथ, भूमिकाएं बदल जाती हैं, और बेटा अपने बूढ़े पिता की भलाई का खयाल रखता है। फिल्म इस बात पर प्रकाश डालती है कि रिश्तों को परिभाषित करने वाले रोजमर्रा के पलों में सच्ची सुरक्षा निहित होती है। टाटा एआईजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विपणन प्रमुख शेखर सौरभ ने कहा, 'यह अभियान पिता और पुत्र के बीच के मजबूत रिश्ते को उजागर करता है, यह ऐसा रिश्ता है जिसके बारे में बहुत कम बात की जाती है। टाटा एआईजी उनकी इस यात्रा में उनका समर्थन करता है, उन्हें ऐसे समाधान प्रदान करता है जो उन्हें अपने प्रियजनों की सर्वोत्तम संभव तरीके से देखभाल करने में मदद करते हैं।' टीबीडब्ल्यूए के सीईओ गोविंद पांडे ने कहा, 'हमारे लिए बिना शर्त प्यार सबसे पहले परिवार से मिलता है और जिन्दगी की प्रतिकूलताओं के दौरान पहला समर्थन भी परिवार से ही मिलता है। टाटा एआईजी स्वास्थ्य बीमा जिन्दगी के सबसे अनिश्चित क्षणों में सुरक्षा, विश्वास और आश्वासन प्रदान करता है, जो एक परिवार द्वारा प्रदान की जाने वाली एकमात्र चीज है।'

## माहिर पांधी 'वीर हनुमान' में अजेय बाली व दयालु सुग्रीव की दोहरी भूमिका में



**मुंबई :** सोनी सब का में शो 'वीर हनुमान', यह शो भगवान हनुमान की अविश्वसनीय यात्रा को दर्शाता है, जहां एक छोटे बालक से लेकर अपनी दिव्य शक्तियों की खोज को प्रस्तुत किया गया है। इस भव्य शो में प्रतिभाशाली अभिनेता माहिर पांधी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, जहाँ वे बाली और सुग्रीव के जुड़वाँ किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। माहिर पांधी ने बाली के रूप में एक अत्यंत शक्तिशाली किरदार को अपार शक्ति के बल पर भगवान हनुमान के आत्म-खोज और महानता की यात्रा में बाधा उत्पन्न करता है। यह किरदार हनुमान की गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, माहिर सुग्रीव की भूमिका भी निभा रहे हैं। माहिर पांधी कहते हैं, बाली और सुग्रीव पौराणिक कथाओं के प्रसिद्ध पात्र हैं, लेकिन भगवान हनुमान की यात्रा में उनकी गहरी भूमिका के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। इन्हें पर्दे पर जीवंत करना और हनुमान की कहानी पर उनके प्रभाव को दिखाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

# भारत को खेल और तकनीक के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनायेगा स्पोर्ट्स एआई चैलेंज

**पटना :** खेलों का स्वरूप समय के साथ बदलता रहा है। जहाँ पहले खेल सिर्फ मनोरंजन और प्रतियोगिता का माध्यम थे, वहीं अब तकनीक और डेटा एनालिटिक्स ने इन्हें नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है। आज खेल न सिर्फ शारीरिक कौशल का प्रदर्शन हैं, बल्कि तकनीकी नवाचार और गहरी विश्लेषण क्षमता का संगम भी बन गए हैं। भारत को इस क्षेत्र में एक वैश्विक नेता बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है 'स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन।' फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) ने ड्रीम11 के साथ मिलकर 'स्पोर्ट्स डेटा




गेमथॉन' की शुरूआत की है। यह स्पोर्ट्स एआई चैलेंज भारत को खेल और तकनीक के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस प्रतियोगिता में प्रमुख भारतीय संस्थानों की 52 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करते हुए डेटा-संचालित स्ट्रेटेजीस तैयार करेंगे। विजेताओं के लिए 25 लाख रुपए के कुल पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को 12.5 लाख रुपये मिलेंगे। एफआईएफएस के महानिदेशक जॉय भट्टाचार्य ने कहा, स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को खेलों के क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करने का अवसर देगा। यह पहल भारत को खेल और तकनीक में वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलायेगी। इस पहल का उद्देश्य खेलों में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना और भारत को स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी का नेतृत्वकर्ता बनाना है। स्पोर्ट्स एनालिटिक्स में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देकर, गेमथॉन एक ऐसा मंच तैयार करेगा, जहां अत्याधुनिक तकनीक और डिजिटल कॉन्टेंट मिलकर नए इनोवेशन को जन्म देंगे। फैन्स के अनुभव को केंद्र में रखते हुए, यह पहल भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद करेगी।

## पेज एक के शेष

**पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तम्भ हैं : राज्यपाल...**

नवीनतम तकनीकी संसाधनों से लैस हों, ताकि वे अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, आतंकवाद और अन्य जटिल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। साथ ही, जनमानस और पुलिस के बीच विश्वास और समन्वय को और मजबूत करना भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस मौके पर स्पेशल ब्रांच के आईजी प्रभात कुमार ने बताया कि रांची में 15 फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आये कुल 18 राज्यों के प्रतिभागी और केन्द्रशासित प्रदेशों के दो राज्यों के प्रतिभागी तथा देश के अर्धसैनिक संगठनों की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया है। इस प्रतियोगिता में कुल 13 विषयों पर प्रतिस्पर्द्धा करायी जायेगी, जिनमें विधि विज्ञान परीक्षा (लिखित), मेडिको-लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी, क्राइम इन्वेस्टिगेशन लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग, प्रदर्शनों का अग्रसारण, अंगुलांक विज्ञान प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा, पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दिया आत्मविश्वास का मंत्र; कहा...**

तैयार रहना चाहिए और स्वयं को चुनौती देते रहना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप पिछली बार किसी परीक्षा में 30 अंक लाये थे, तो अगली बार 35 अंक लाने हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग खुद से खुद की लड़ाई लड़ते ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए मन को स्थिर कर स्वयं की क्षमताओं और लक्ष्य को पहचाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से बार-बार खुद से पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से काम उन्हें संतुष्टि देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी का ध्यान अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को बिना दिशा के भटकने देते हैं।

प्रधानमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए अपना मन बनायें, जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेंगे। मोदी ने कहा कि ज्यादातर लोग खुद से नहीं, बल्कि दूसरों से प्रतिस्पर्द्धा करते हैं, अक्सर अपनी तुलना उन लोगों से करते हैं, जो शायद कम सक्षम हों। उन्होंने कहा कि खुद से प्रतिस्पर्द्धा करने से अटूट आत्मविश्वास पैदा होता है, जबकि दूसरों से खुद की तुलना करने से निराशा होती है।

असफलता से उबरने के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर 30-40 प्रतिशत छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में फेल भी हो जायें, तो भी जीवन खत्म नहीं हो जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में सफल होना है या सिर्फ पढ़ाई में। उन्होंने असफलताओं को अपना शिक्षक बनाने की सलाह दी। क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपनी गलतियों की समीक्षा करते हैं और सुधार के लिए प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने जीवन को सिर्फ परीक्षा के नजरिये से नहीं, बल्कि समग्र रूप से देखने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दिव्यांग व्यक्तियों में अक्सर असाधारण ताकत होती है और हर किसी की क्षमताएं अद्वितीय होती हैं। उन्होंने सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय इन ताकतों पर काम करने के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लम्बे समय में, सफलता के लिए सिर्फ पढ़ाई के अंक ही नहीं, बल्कि जीवन और योग्यताएं भी जिम्मेदार होती हैं।

पढ़ाई और शौक (हॉबी) के बीच तालमेल के प्रश्न पर प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र रोबोट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अगली कक्षा में आगे बढ़ने के लिए नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तिगत विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि बागवानी जैसे शुरूआती स्कूली शिक्षा के पाठ अप्रासंगिक लग सकते हैं, लेकिन वे समग्र विकास में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने माता-पिता और शिक्षकों से बच्चों को कठोर शैक्षणिक माहौल में सीमित न रखने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा करने से उनका विकास रुक जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक खुला वातावरण और ऐसी गतिविधियां चाहिए, जो उन्हें पसंद हों। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं सब कुछ नहीं हैं और ज्ञान और परीक्षाएं दो अलग-अलग चीजें हैं।

नेतृत्व विषय पर प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से कहा कि लोग नेताओं के आचरण से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप स्वच्छता का उपदेश दे रहे हैं, लेकिन गन्दगी फैला रहे हैं, तो आप नेता नहीं बन सकते। नेता बनने के लिए टीमवर्क के साथ-साथ समझदारी और धैर्य भी जरूरी है। आपको अपने साथियों के लिए मौजूद रहना होगा और इससे विश्वास पैदा होगा। यह विश्वास ही आपके नेतृत्व को सुनिश्चित करेगा।

एक छात्र ने प्रधानमंत्री से पूछा कि आप एक वैश्विक नेता हैं और अनेक पदों पर रहे हैं। हमें आप प्रभावी नेतृत्व के बारे में कुछ सुझाव दें? इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नेतृत्व थोपा नहीं जाता, आपके आस-पास के लोग आपको स्वीकार करते हैं। इसके लिए आपको खुद को बदलना होगा। नेता बनने के लिए टीमवर्क सीखना बहुत जरूरी है। धैर्य और विश्वास अर्जित करना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने जहां कम वहां हम का सिद्धांत दोहराते हुए कहा कि असल नेता को जरूरत के समय लोगों के बीच मौजूद होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को मोटा अनाज (मिलेट्स) और सब्जियों का महत्त्व भी बताया। फिटनेस के लिए नींद को जरुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि बीमार न होने का मतलब यह नहीं है कि हम स्वस्थ हैं। नींद भी पोषण पर निर्भर करती है। चिकित्सा विज्ञान भी नींद पर ध्यान केन्द्रित करता है। सभी को सुबह की धूप में समय बिताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ बातचीत में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और पोषण के महत्त्व पर भी बातचीत की। उन्होंने सुंदर नर्सरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों के साथ मिलकर पौधे भी लगाये।

**'परीक्षा पे चर्चा 2025' में झारखंड के खूंटी जिले के सूरज मुंडा को शामिल होने का हुआ गौरव प्राप्त...**

का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि सूरज मुंडा की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

**राष्ट्रपति ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी...**

ने उन्हें महाकुम्भ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।

**डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केंद्र का किया अवलोकन**

: आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी समर्थन दिया। वह डिजिटल महाकुम्भ अनुभूति केन्द्र का अवलोकन करने पहुंचीं, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध करायी जा रही है। गौरतलब है कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति ने स्वयं इसका अनुभव किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उन्हें केंद्र की विशेषताओं से भी अवगत कराया।

**सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ने साझा कीं भावनाएं**

संगम स्नान के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा करते हुए समूचे राष्ट्र की समृद्धि, सुख और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत व जीवंत प्रतीक है। महाकुम्भ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। मां गंगा से मेरी प्रार्थना है कि वे सब पर अपनी कृपा बनाये रखें और सभी के जीवन में सुख और शांति का संचार करती रहें। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर संगम स्नान की अपनी तस्वीरें भी साझा की हैं।

**44 करोड़ से ज्यादा कर चुके स्नान**

महाकुम्भ का आज 29वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 44.59 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज सायं 04 बजे तक 1.02 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं।

**आपात स्थिति में बटन दबाते ही दिलायी जायेगी त्वरित मदद...**

कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आयेगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए सम्बन्धित एजेंसी से सम्पर्क कर आपको राहत दिलायेगी। इसके लिए ना आपको मोबाइल फोन की जरूरत है, ना ही किसी नम्बर को याद रखने की जरूरत। बस ! आपके आस-पास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

**किस-किस प्रकार की दिलायी जा सकती है मदद**

सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है, तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरूरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आस-पास के इलाके में आग लग जाये, तो भी या तो पीड़ित या आस-पास के लोग फायरब्रिगेड से सम्पर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**एम्बुलेंस तथा नगरीय सेवा प्रदान करने के लिए**

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है, तो एम्बुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है। आंधी-तूफान में तार, बिजली के खम्भे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने पर भी अगर सूचना मिलती है, तो इसकी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है। वर्तमान में शहर के 50 केन्द्रों पर यह सुविधा प्रदान की गयी है। लेकिन, फ्लाईओवर निर्माण और सड़कों के चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाये गये हैं। काम सम्पन्न होते ही बॉक्स को पुनः अधिष्ठापित किया जायेगा। फिलहाल, कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सेटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक समेत अन्य महत्त्वपूर्ण स्थानों पर बॉक्स लगाया गया है।

**झारखंड को मिले 28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव...**

इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नयी ऊर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करनेवाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। वह सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक कर रही थीं।

## एक झलक

### सट्टेबाजी के आरोप में 23 भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू :** ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में नेपाल की राजधानी काठमांडू से 23 भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर रात छापा मार कर एक अड्डे से इन युवकों को पकड़ा। काठमांडू के एसएसपी केशव अधिकारी ने मीडिया को बताया कि बूढ़ा नीलकंठ इलाके में एक किराए के घर से ऑनलाइन सट्टेबाजी की गतिविधियां संचालित करने वाले इन युवकों को पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान 88 स्मार्ट फोन, 10 लैपटॉप और 81 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। इन युवकों के जब्त किए गए मोबाइल और लैपटॉप से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि पिछले तीन महीने में इन लोगों ने करीब 300 करोड़ रुपये का लेनदेन किया।

### चीन में भूस्खलन से एक की मौत, 28 घायल

**बीजिंग :** चीन के दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई मकानों के जमींदोज होने के बाद, बचावकर्मी 28 लोगों का पता लगाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। जिनपिंग गांव में भूस्खलन के बाद करीब 1,000 बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है। इतना ही नहीं मलबे में फंसे जीवित लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन और रडार की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 10 मकानों और एक विनिर्माण इमारत के जमींदोज हो जाने के बाद, दो घायलों को बचाया गया और करीब 360 अन्य लोगों को निकाला गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार यह आपदा भारी बारिश और स्थानीय भूगर्भीय परिस्थितियों के कारण आई। लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण बचाव अभियान में बाधा आई है।

### आगा खान मिस्र में किये गये सुपुर्द-ए-खाक

**लिस्बन :** शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम आगा खान चतुर्थ को मिस्र के असवान में एक निजी कार्यक्रम में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। 'आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क' और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने प्रिंस करीम(88) के निधन की घोषणा की थी। उनके बेटे, 53 वर्षीय रहीम अल-हुसैनी को उनके पिता की वसीयत के अनुसार, दुनिया के लाखों इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता, आगा खान पंचम के रूप में नामित किया है।

# कृषि मंत्री ने अलग-अलग राज्यों में मूंगफली और सोयाबीन की खरीद अवधि बढ़ाने को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अलग-अलग राज्यों में मूंगफली और सोयाबीन की खरीद अवधि बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके अलावा, अगले चार वर्षों तक तुअर, मसूर और उड़द की 100 प्रतिशत खरीदी को भी मंजूरी दी गई है। भारत सरकार ने 15वें वित्त आयोग चक्र के तहत 2025-26 तक एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है। इस योजना में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य कमी भुगतान योजना (पीडीपीएस), बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) और मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) जैसे विभिन्न घटक शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने सोमवार को मंत्रालय में मीडिया से कहा कि पीएम आशा योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**पीएसएस के तहत सोयाबीन और मूंगफली की खरीद**

**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान ने 2024-25 के खरीफ सीजन के लिए छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तेलंगाना में सोयाबीन की खरीद को मंजूरी दी है। नौ फरवरी तक 19.99



एलएमटी सोयाबीन की खरीद की गई है, जिससे 8,46,251 किसान लाभान्वित हुए हैं। चौहान ने किसानों के हित में महाराष्ट्र में खरीद की अवधि 90 दिनों की सामान्य खरीद अवधि को 24 दिनों के लिए और तेलंगाना में 15 दिनों की खरीद अवधि बढ़ा दी है ताकि किसानों को अधिक समय मिले। इसी तरह, सरकार ने खरीफ 2024-25 के लिए आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में मूल्य समर्थन योजना के तहत मूंगफली की खरीद को मंजूरी दी है।

इसके अलावा मंत्री चौहान ने राज्य के किसानों के हित में गुजरात में मूंगफली की 90 दिनों की सामान्य खरीद अवधि से 6 दिन और कर्नाटक में 25 दिन की खरीद अवधि बढ़ा दी है।

**तुअर, उड़द और मसूर की 100 प्रतिशत की खरीद**

केंद्र सरकार ने दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने में योगदान देने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए खरीद वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के उत्पादन के 100 प्रतिशत के बराबर पीएसएस के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की अनुमति दी है। सरकार ने बजट 2025 में यह भी घोषणा की है कि देश में दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों के माध्यम से राज्य के उत्पादन के 100 प्रतिशत तक तुअर, उड़द और मसूर की खरीद अगले चार वर्षों तक जारी रहेगी, जिससे दालों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि होगी और आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत दालों में आत्मनिर्भर बनेगा।

### रेल मंत्री ने प्रयागराज स्टेशन बंद होने की खबरों का किया खंडन, कहा

# प्रयागराज क्षेत्र के आठों स्टेशन पर संचालन पूरी तरह से व्यवस्थित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को प्रयागराज स्टेशन बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि प्रयागराज जंक्शन सहित प्रयागराज क्षेत्र के सभी आठ स्टेशन पर संचालन पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि भारी भीड़ के बावजूद, भारतीय रेलवे महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को लाने और वापस उनके घर पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने रेल भवन में स्थित वार रूम में प्रयागराज से चलने वाली रेलगाड़ियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा 12 जनवरी को माघी पूर्णिमा के अगले अमृत स्नान से पहले मौजूदा भीड़ की स्थिति और रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की। एक दिन पहले मीडिया में आई एक गलत रिपोर्ट का खंडन करते हुए रेल मंत्री ने मीडिया के माध्यम से देश को बताया कि प्रयागराज क्षेत्र के आठ अलग-अलग स्टेशनों से कल लगभग 330 ट्रेनों ने 12 लाख 50 हजार यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज भी ट्रेनें व्यवस्थित तरीके से चल रही हैं। भले ही भीड़ कम नहीं हो रही है, लेकिन भारतीय रेलवे इन स्टेशनों से सिर्फ. 4 मिनट से कुछ ज्यादा समय में एक ट्रेन चलाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान के बाद इंतजार न करना पड़े।



वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे का प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर 8 रेलवे स्टेशनों पर बहुत अच्छे से व्यवस्थित ढ़ंग से काम चल रहा है। राज्य और मेला प्रशासन के साथ मिलकर सब कुछ बहुत ही समन्वित तरीके से चल रहा है। वॉर रूम में लगी स्क्रीन पर ट्रेनों की लाइव सीसीटीवी फुटेज की ओर संकेत करते हुए कहा कि कहीं पर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अफवाह फैलाने की कोशिश करता है, तो हम उसकी बात नहीं सुननी चाहिए।

### भीड़ के बावजूद 08 स्टेशनों से चल रही हैं नियमित ट्रेनें

**जोनल** और डिवीजनल रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा करते हुए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने अधिकारियों से लोगों को कुशलतापूर्वक और पूरी क्षमता से सेवा देने के अपने सभी प्रयासों को मीडिया के ध्यान में लाने के लिए कहा। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रयागराज जंक्शन के साथ 7 अन्य स्टेशन प्रयागराज छिवकी, नैनी, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूसी पूरी तरह कार्यात्मक हैं। निरंतर भीड़ के बावजूद, प्रयागराज क्षेत्र के इन 8 स्टेशनों से विशेष और नियमित ट्रेनें पूरी क्षमता से चल रही हैं। उन्होंने मीडिया, भारतीय रेलवे के जनसंपर्क के क्षेत्रीय और मंडल कार्यालयों से आग्रह किया कि वे श्रद्धालुओं को महाकुंभ शहर तक पहुंचने में मदद करने के लिए अपने बड़े प्रयासों को उजागर करें। खासकर आस-पास के इलाकों में कथित यातायात जाम के मद्देनजर। तथ्य यह है कि आज दोपहर 3 बजे तक, प्रयागराज जंक्शन सहित 8 स्टेशनों से 9 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को लेकर 201 से अधिक विशेष और नियमित ट्रेनें पहले ही रवाना हो चुकी थीं। इससे पहले दिन में, सीआरबी और सीईओ सतीश कुमार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को रेल भवन के वॉर रूम में प्रयागराज क्षेत्र में रेलवे सेवाओं के सुचारू संचालन के बारे में जानकारी दी, जहां सभी रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी कैमरा फुटेज प्राप्त किए जा रहे थे। दोनों ने भीड़ की चल रही स्थिति की समीक्षा की और माघी पूर्णिमा के अगले अमृत स्नान से पहले रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की।

# रूसी सुखोई-57 और अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट की गड़गड़ाहट से गूंजा बेंगलुरु का आसमान

एजेंसी

**बेंगलुरु :** एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में इस बार रूसी सुखोई-57 जेट और अमेरिकी एफ-35 की धूम है। एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में दोनों फाइटर जेट की गड़गड़ाहट के साथ उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़ मची है। मित्र देशों से आए दर्शक दो दिनों तक रूसी और अमेरिकी फाइटर प्लेन का मुकाबला देखेंगे। प्रदर्शनी के शुरूआती दो व्यावसायिक दिन खत्म होने के बाद प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए खुल जाएगी। यूक्रेन के साथ युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किये गए एकमात्र पांचवीं पीढ़ी के दो स्टील्थ रूसी सुखोई-57 जेट इस समय बेंगलुरु के आसमान की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह फाइटर जेट अपनी लुभावनी एयरोबेटिक्स के लिए जाना जाता है, जिसने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान हवाई और जमीनी लक्ष्यों को भेदने में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें लंबी दूरी से सटीक हमले भी शामिल हैं। स्टेल्थ क्षमताओं वाला यह विमान उन्नत एईएसए राडार प्रणाली से लैस है और इसमें क्रूज मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुखोई-57 को एएल-51एफ1 इंजन मिलने की उम्मीद है, जिससे इसकी लड़ाकू क्षमता और बढ़ जाएगी। अमेरिकी वायु सेना ने पहले एयरो इंडिया-2025 में एफ-35 और अपग्रेड किए गए एफ-16 की प्रदर्शन उड़ानें रद्द कर दी थीं, लेकिन अब यह दोनों फाइटर जेट बेंगलुरु पहुंच कर अपने आसमानी करतब दिखा रहे हैं।



■ दोनों फाइटर जेट को उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़

### गुजरात के नडियाद में 3 लोगों की संदिग्ध मौत

**नडियाद :** गुजरात के खेड़ा जिले में रविवार देर रात 3 लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतकों के परिजनों का दावा है कि इन्होंने शराब पी थी, जिसके आधे घंटे के अंदर ही तीनों की मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन ने लठ्ठाकांड की आशंका को देखते हुए एफएसएल की सहायता से जांच शुरू कर दी है। नडियाद शहर की पुलिस टीम ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर रही है। मृतकों में योगेश कुशवाहा (40), रविन्द्र राठौर (50) और कनुभाई चौहाण (59) हैं। जानकारी मिलने पर नडियाद शहर के मंजीपुरा रोड पर स्थित जवाहरनगर क्षेत्र में पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची और घटनास्थल जय महाराज सोसायटी के पास जांच शुरू की।

# ट्रेनर के साथ सैयामी खेर ने ली 12 घंटे की ट्रेनिंग

**मुंबई :** हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर ने ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग का शुरूआती स्तर पूरा किया है। इस दौरान उन्होंने प्रकृति के बीच समय बिताया और अपने ट्रेनर के साथ 12 घंटे की ट्रेनिंग ली। सैयामी ने हमेशा से ही खेल और नई चीजों को एक्सप्लोर करने में दिलचस्पी दिखाई है। सर्फिंग उनकी बकेट लिस्ट में शामिल थी, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को चुना। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए सैयामी ने कहा, सर्फिंग हमेशा से मेरी बकेट लिस्ट में रही है, और मैं इसे सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर जगह की कल्पना नहीं कर सकती थी। यह एक अनोखा अनुभव था, जहां हर बार जब मैं लहरों पर सवार होती थी, तो रोमांच का एक अलग ही अहसास होता था। हालांकि यह सफर आसान नहीं था, क्योंकि सैयामी को कई बार बोर्ड से गिरना पड़ा, जिससे कुछ निराशा के पल भी आए। लेकिन हर बार जब वह सफलतापूर्वक लहरों को पकड़ पाती थीं, तो यह उनके लिए बेहद रोमांचक और एडिक्टिव हो जाता था।



# मप्र में अंगदान करनेवाले व्यक्तियों को दिया जायेगा राजकीय सम्मान : डॉ. मोहन यादव

■ अंगदान और देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार लागू करेगी नयी योजनाएं : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को एम्स भोपाल में 16 दिन पहले हृदय प्रत्यारोपण (हार्ट ट्रांसप्लांट) करवाने वाले मरीज दिनेश मालवीय से मुलाकात कर सफल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही एम्स के चिकित्सकों की टीम को भी इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सफल ट्रांसप्लांट अंगदान के महत्व को दशार्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि राज्य सरकार अंगदान और देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लागू करेगी। अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मृतक के परिवार की सहमति से उनके पार्थिव शरीर को उचित चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा और अंतिम संस्कार के समय राजकीय सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा यदि अंगदान करने वालों के पास 'आयुष्मान कार्ड' नहीं है, तो सरकार इसे बनवाने में मदद करेगी। राष्ट्रीय पर्वों पर ऐसे लोगों को सम्मानित करने का भी प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ब्रेन डेड घोषित सागर जिले के बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने अंगदान-महादान का निर्णय लिया था। उनके हार्ट को 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' के माध्यम से जबलपुर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्स भोपाल लाया गया तथा मध्य प्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव एम्स भोपाल पहुंचे और मरीज दिनेश मालवीय से भेंटकर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आनंद की बात है कि वह स्वस्थ अनुभूत कर रहे हैं और उन्हें कल डिस्चार्ज कर दिया जायेगा।




# कलाकारों ने क्रिकेट में भी दिखलाये अपने हुनर

जेपीएल प्रीमियर लीग सीजन (2) 2025 झारखंड के विभिन्न जिलों के कलाकारों ने क्रिकेट के माध्यम से खेल कर झारखंड के लोगों का मनोबल को बढ़ाया और कलाकारों को एकजुट किया। इस टूनार्मेंट में 16 मेल टीमों और दो फीमेल टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें विनर डीजे पवन की डीजे वॉरियर्स टीम और दूसरी ओर फीमेल में विनर झॉलीवुड क्वींस वर्षा ऋतु की टीम ने जीत के साथ इस टूनार्मेंट को सफल बनाया।

हिंदी दैनिक
फ्रीडम फाइटर
आपके यहाँ ग्रुप गैदरिंग हो रहा है तो हमें कॉल करे
8210401562, 0651 3501612